Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 230 | शुक्रवार, 22 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## उत्तरकाशी में बारिश से भयंकर आपदा

# स्यानाचट्टी कस्बा डूबा घरों से निकाले जा रहे लोग

**उत्तरकाशी।**

हर्षिल (गंगा) घाटी के बाद अब उत्तरकाशी में यमुना नदी में झील बनने से मुसीबत आ गई है। यमुनोत्री धाम के प्रमुख पड़ाव स्यानाचट्टी में कुपड़ा गदेरे में भारी मलबे के कारण यमुना का प्रवाह अवरुद्ध हो गया है। इस स्थिति के चलते कई सरकारी भवन, होटल, होम स्टे और दुकानें जलमग्न हो गई हैं। यमुनोत्री हाईवे को जोड़ने वाला पुल भी जलमग्न होने से क्षेत्र का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया है। स्थानीय प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए भवनों को खाली कराकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में वर्षा के कारण गदेरे में उफान आने की आशंका जताई जा रही है। जानकीचट्टी से लगभग 15 किमी पहले स्थित स्यानाचट्टी में जून में भी कुपड़ा गदेरे में उफान आया था, जिससे यमुना नदी में झील बनी थी। उस समय भी भवनों में पानी घुस गया था, जिसके बाद प्रशासन ने मशीनों से झील को चैनलाइज कर यमुना के प्रवाह को बहाल किया था। गुरुवार शाम करीब साढ़े चार बजे गदेरे में फिर से उफान आया, जिससे मलबे ने यमुना का प्रवाह बाधित कर दिया। इससे झील का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा और कस्बे में बने 18 होटल-होम स्टे, आठ आवास और बाजार जलमग्न हो गए। जब पानी पुलिस चौकी तक पहुंच गया, तो पुलिस ने अलर्ट जारी किया और लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की। कस्बे में मौजूद लगभग 150 लोगों ने सुरक्षित स्थानों की ओर भागकर शरण ली। पुलिस ने झील से नीचे बसे ओजरी, पुजारगांव, पाली गांव, खरादी और कुथनौर के निवासियों को भी सतर्क किया है। झील की लंबाई लगभग 400 मीटर, चौड़ाई 50 मीटर और गहराई पांच मीटर है।



### यमुनोत्री धाम की यात्रा भी बाधित

प्रशासन का कहना है कि यमुना का प्रवाह सामान्य है, इसलिए अधिक खतरा नहीं है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, फायर सर्विस, सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग के साथ उप जिलाधिकारी बड़कोट मौके पर मौजूद हैं। यमुनोत्री धाम की यात्रा भी बाधित हो गई है, जिससे सैकड़ों तीर्थ यात्री विभिन्न पड़ावों पर फंसे हुए हैं। जिलाधिकारी प्रशांत कुमार आर्य ने कहा कि झील का पानी मलबे के ऊपर से निकल रहा है।

## झारखंड में बिजली टैरिफ की नई रूपरेखा



**रांची।** झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग (जेएसईआरसी) ने बिजली वितरण टैरिफ निर्धारण के लिए नई नियमावली जारी की है। यह नियमावली एक अप्रैल, 2026 से लागू होगी और 31 मार्च, 2031 तक प्रभावी रहेगी। इसका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति, वितरण कंपनियों की जवाबदेही और दक्षता बढ़ाना है। नई नियमावली लागू होने पर 2004, 2007, 2010, 2015, 2020 और 2023 की टैरिफ नियमावलियां निरस्त हो जाएंगी। 31 जुलाई 2025 तक पुराने नियम लागू रहेंगे, इसके बाद नई व्यवस्था प्रभावी होगी।

## 'तेल खरीद पर अमेरिकी रुख हैरान करने वाला', जयशंकर बोले- हम रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार नहीं हैं



**नई दिल्ली।**

रूस के दौरे पर गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साफ कर दिया है कि भारत तेल खरीदने के मुद्दे पर अमेरिकी दबाव के आगे झुकने नहीं जा रहा। जयशंकर ने पहले रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की और बाद में वह राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी मिले। इन दोनों बैठकों में जयशंकर की भारत-रूस ऊर्जा सहयोग को विस्तार देने के एजेंडे पर बात हुई। लावरोव के साथ मुलाकात के बाद जयशंकर ने तेल खरीद पर दबाव बनाने में जुटे अमेरिकी रुख पर हैरानी जताई और रहस्योद्घाटन किया कि अमेरिका स्वयं भारत को पहले रूस से तेल खरीदने को कहता रहा है, ताकि वैश्विक पेट्रोलियम बाजार में स्थिरता रहे। दूसरी तरफ, लावरोव ने कहा कि रूस भारत के साथ बड़े ऊर्जा सहयोग पर काम कर रहा है। इसमें परमाणु ऊर्जा से लेकर पेट्रोलियम परियोजनाएं तक शामिल हैं। भारतीय तेल कंपनियों को रूस में तेल व गैस भंडार आवंटित करने पर भी बात हुई है। जयशंकर से एक पत्रकार ने रूस से तेल खरीदने के मामले में अमेरिका की तरफ से भारत पर लगाए गए टैरिफ पर सवाल पूछा। इस पर उन्होंने जवाब दिया, मैं किसी व्यक्ति पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। लेकिन, विषय पर जरूर बोलूंगा। हम रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार नहीं हैं। वह स्थान चीन का है। हम रूसी एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार भी नहीं हैं।

## एनआरआई उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल का लंदन में निधन



**लंदन।**

ब्रिटेन स्थित कैपारो ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के संस्थापक और एनआरआई उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल का बृहस्पतिवार शाम को 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें बीमार पड़ने के चलते लंदन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में अंतिम सांस ली। प्रमुख एनआरआई उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल का बृहस्पतिवार शाम (स्थानीय समयानुसार) लंदन में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, वह 94 साल के थे। हाल ही में बीमार पड़ने के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## भारत ने नौ सालों में कार्बन उत्सर्जन तीव्रता में सात प्रतिशत कमी की

**नई दिल्ली।**



भारत सरकार ने संसद को बताया है कि देश में वित्तीय वर्ष 2014-2024 तक के नौ वर्षों में कार्बन तीव्रता (कार्बन इंटेंसिटी) में सात प्रतिशत की कमी हुई है। इसमें ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा का बढ़ता हिस्सा और ऊर्जा प्रौद्योगिकियों का प्रभावी उपयोग शामिल है। केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने लोकसभा में लिखित उत्तर में कहा कि सरकार को पता है कि कोयला आधारित ऊर्जा वर्तमान में देश की बिजली उत्पादन मिश्रण में सबसे बड़ा योगदान देती है। भारत जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। जबकि ऊर्जा सुरक्षा, सस्ती कीमत और विकास के लिए महत्वपूर्ण प्राथमिकताएं मानता है। साथ ही अर्थव्यवस्था के 'नेट-जीरो' उत्सर्जन को 2070 तक प्राप्त करने की दिशा में संक्रमण को सुनिश्चित करता है। नाइक ने कहा, ''ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा के लगातार बढ़ते हिस्से और स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के प्रचार के साथ भारत में ग्रिड बिजली की औसत कार्बन उत्सर्जन तीव्रता में लगभग सात प्रतिशत की महत्वपूर्ण कमी आई है।

## बंगलूरू भगदड़ पर आज विधानसभा में जवाब देंगे सीएम सिद्धारमैया

**बंगलूरू।**

चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास चार जून को हुई भगदड़ के मामले पर बृहस्पतिवार को विपक्षी भाजपा ने सीएम सिद्धारमैया से जवाब मांगा। इस पर सीएम ने कहा कि वह इस मामले पर शुक्रवार को विधानसभा में जवाब देंगे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया शुक्रवार सुबह यानी आज कर्नाटक विधानसभा में चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ की घटना पर जवाब देंगे। यह भगदड़ चार जून को हुई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। मामले में बंगलूरू के पुलिस आयुक्त बी दयानंद समेत कई पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया था। विपक्षी भाजपा ने कुछ दिन पहले विधानसभा में भगदड़ का मुद्दा उठाया था।



## मुंबई में फिर होगी मूसलाधार बारिश

**नई दिल्ली।** अगले कुछ दिनों तक उत्तर भारत में भारी बारिश की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग गुरुवार को चेतावनी दी है कि अगले कुछ दिनों में दिल्ली, यूपी और महाराष्ट्र समेत देश के बड़े हिस्से में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है, और कुछ इलाकों में अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। कुल मिलाकर, 26 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इससे प्रभावित हो सकते हैं। पश्चिमी भारत में, कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र और गुजरात में आज से अगले 24 घंटे में अत्यधिक भारी वर्षा होने का अनुमान है।

## चीन के बाद अब नेपाल ने भी बढ़ाया दोस्ती का हाथ

**काठमांडू।**

नेपाली सांसदों ने गुरुवार को सरकार से भारत के साथ लिपुलेख दर्रे से जुड़े मुद्दे को कूटनीतिक रूप से सुलझाने का आग्रह किया। इस दर्रे और दो अन्य व्यापारिक मार्गों के जरिए भारत और चीन मंगलवार को सीमा व्यापार फिर से शुरू करने पर सहमत हुए। लेकिन, इस कदम पर आपत्ति जताते हुए नेपाल ने कहा कि यह क्षेत्र उसका अविभाज्य अंग है। भारत ने इस



क्षेत्र पर काठमांडू के दावों को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया और कहा कि यह ''न तो सही है और न ही ऐतिहासिक तथ्यों और साक्ष्यों पर आधारित है''। प्रतिनिधि सभा में सत्तारूढ़ नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (यूनीफाइड मा ?र्क्सवादी-लेनिनवादी) के मुख्य सचेतक महेश कुमार बरतौला ने सरकार से क्षेत्रीय मुद्दे का तुरंत समाधान करने का आह्वान किया। सदन में अपने विचार रखते हुए उन्होंने सरकार से इस मामले को सुलझाने के लिए तत्काल कूटनीतिक कदम उठाने का आग्रह किया। इसी प्रकार, सीपीएन (माओवादी सेंटर) के मुख्य सचेतक हितराज पांडे ने चीन और भारत के बीच हाल ही में हुए समझौते के बारे में सदन को जानकारी देने की मांग की।


॥ रस्म तेहरवी ॥



**श्री आशीष गर्ग**

(जिला एवं सत्र न्यायाधीश गा०बाद)

मान्यवर,

बडे दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी श्री आशीष गर्ग (जिला जज गाजियाबाद) का स्वर्गवास दिनांक 11.08.25 दिन सोमवार को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। दिवंगत आत्मा की शन्ति हेतु रस्म तेरहवी दिनांक 23.8.2025 दिन शनिवार को सुनिश्चित हुई है।

दिन शनिवार, 23 अगस्त 2025

हवन ........................................ 9.00 बजे प्रातः

शोक सभा (रस्म पगड़ी) ........................................ 2:00 बजे दोपहर

कृप्या पगड़ी साथ न लायें।

**शोकाकुल परिवार**

योगेन्द्र स्वरूप गर्ग दीपा गर्ग (चाचा चाची)

निधि गर्ग (धर्मपत्नी)

आयुष गर्ग – शिवानी गर्ग (पुत्र पुत्रवधु)

अनुष्का गर्ग (पुत्री)

**कार्यक्रम स्थल**

डायमण्ड पैलेस, कवि नगर, इण्डस्ट्रीयल एरिया, रजापुर, गाजियाबाद।

मों :9927020790, 9838878873, 9927046036, 9045905038

**निवास स्थल**

जिला जज निवास, ईस्ट मोडल टाऊन, गजियाबाद।

## संपादक की कलम से

# केंद्र पुलिस स्टेशन नहीं



ललित शर्मा
संपादक

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान के 130वें संशोधन वाले विधेयक लोकसभा में पेश किए। उनमें गंभीर और विवादास्पद प्रावधान किए गए हैं। दरअसल संविधान का बुनियादी सिद्धांत है कि जब तक किसी आरोपित को अदालत अपराधी या दोषी करार न दे, तब तक आरोपित व्यक्ति मासूम है, निर्दोष है, लेकिन प्रस्तावित बिल का विषय है कि कोई प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, राज्य सरकार का मंत्री 30 दिन हिरासत में रहता है, तो 31वें दिन वह संवैधानिक पद के अयोग्य हो जाएगा। उसे इस्तीफा देना पड़ेगा अथवा बर्खास्त कर दिया जाएगा। इन प्रावधानों को विपक्ष ने संविधान–विरोधी, न्याय–विरोधी और मौलिक अधिकार–विरोधी करार दिया है, लिहाजा कुछ विपक्षी सांसदों ने बिल की प्रतियां फाड़ी हैं और उन्हें सत्ता पक्ष की तरफ फेंका है। इसे राक्षसी बिल भी करार दिया गया है। गृहमंत्री की दलील है कि यह बिल सरकार और राजनीति में नैतिकता और शुद्धिकरण के मद्देनजर लाया गया है। यह अर्द्धसत्य है, क्योंकि भाजपा में ऐसे कई नेता शामिल किए गए, जिन पर गंभीर आपराधिक मामले चल रहे थे, लेकिन बाद में एजेंसियों ने उन्हें धूमिल कर दिया। ऐसे नेता मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक हैं। बहरहाल संसद में हंगामे और विरोध को देखते हुए संविधान संशोधन बिल संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने की घोषणा की गई। समिति में 21 सांसद लोकसभा और 10 सांसद राज्यसभा के होंगे। बेशक अधिक सांसद सत्ता पक्ष के होंगे, लिहाजा बुनियादी बिल में ज्यादा संशोधनों की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए। जेपीसी को संसद के शीत सत्र के पहले दिन तक रपट सौंपने को कहा गया है। विषय का विश्लेषण करने से पूर्व एडीआर की रपट गौरतलब है कि 2024 के संसदीय चुनाव में जो सांसद लोकसभा के लिए चुने गए थे, उनमें से करीब 46 फीसदी पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। 2009 में यह औसत 30 फीसदी था। सर्वोच्च अदालत के न्यायालय मित्र ने उसे बताया है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ करीब 5000 आपराधिक मामले अब भी लंबित हैं। इस डाटा के मद्देनजर भी ऐसा संविधान संशोधन बिल संसद में पेश करना अपेक्षित और स्वीकार्य नहीं है। दरअसल केंद्र और राज्य सरकारों की अलग–अलग भूमिकाएं संविधान में तय की गई हैं। उनके अधिकार भी तय किए गए हैं। संघीय ढांचे पर आघात नहीं किया जा सकता। केंद्र सरकार पुलिस स्टेशन की भूमिका में नहीं आ सकती। संभव है कि बिल बनाते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल का उदाहरण केंद्र सरकार और अधिकारियों के मानस में रहा होगा! केजरीवाल को 177 दिन तक जेल में रखा गया। उनके खिलाफ न तो आरोप अदालत में तय हुए और न ही किसी अदालत ने उन्हें दोषी करार दिया। ऐसे कानूनों में संशोधन किया जाना चाहिए। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 5 माह तक जेल में बंद रखा गया। अंततः उन्हें जमानत मिली, लेकिन आज तक उनके खिलाफ कोई भी आरोप साबित नहीं किया जा सका है। दिल्ली सरकार के मंत्री रहे सत्येन्द्र जैन को 2 साल से अधिक समय तक जेल में रखा गया। अंततः सीबीआई ने उनके मामले में क्लोजर रपट अदालत में पेश की और जैन को बिल्कुल बरी कर दिया गया। इन जेलबंद नेताओं की निर्दोषता की भरपाई कौन करेगा? केजरीवाल ने जेल में रहते हुए मुख्यमंत्री पद नहीं छोड़ा और जेल से ही सरकार चलाते रहे।

मोनिका डागा

## भादों की बरसात

कविता



हरितिमा बिखरी चहुँओर,
पंछी कर रहे मधुरिम शोर,
मौसम हुआ कितना सुहाना,
दीवाना दिल हुआ मस्ताना,
बूँदों ने छेड़ी मन की बात,
आई देख भादों की बरसात।

लुका छुप्पी कर रहा है सूरज,
पथिक रख तू थोड़ा सा धीरज,
देख प्रकृति का सुंदर ये नजारा,
भरा प्यासी नदियों का किनारा,
ऋतु बर्षा की ये मीठी सौगात,
आई देख भादों की बरसात।

जोर हुआ बरखा का पावन,
बीता सुंदर मनभावन सावन,
कण–कण वसुंधरा का सींचा,
मदमाया खेत खलिहान बगीचा,
मुस्का? तरू नवल हरित पात,
आई देख भादों की बरसात।

अमृत बूँदों में है कुछ खास,
भरा आत्म ₹आनंद₹ उल्लास,
प्रकृति ने नेह सरस बरसाया,
जिंदगी ने सबको आजमाया,
छोड़ फिक्र गम के जज्बात,
आई देख भादों की बरसात।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# विधेयक पर हंगामा क्यों, जब मुद्दा है राजनीतिक शुचिता का







ललित गर्ग

*आज देश विकसित भारत के संकल्प की ओर बढ़ रहा है। विकसित भारत का सपना केवल तकनीकी प्रगति या आर्थिक मजबूती से पूरा नहीं होगा, बल्कि इसके लिए स्वच्छ, ईमानदार और पारदर्शी राजनीति आवश्यक है। राजनीति में अपराधियों की घुसपैठ न केवल लोकतंत्र की नींव को कमजोर करती है बल्कि जनता के विश्वास को भी तोड़ती है। अपराधमुक्त राजनीति न केवल आदर्श है बल्कि सुशासन और विकास की बुनियादी शर्त है। इसलिए आवश्यक है कि ऐसे विधेयक का स्वागत किया जाए, क्योंकि यह राजनीति को शुचिता, नैतिकता और जनहित के मार्ग पर ले जाने का प्रयास है। राजनीति में एक नये सूरज का उदय है। विपक्ष यदि इसका विरोध करता है तो यह सवाल स्वतः उठता है कि क्यों विपक्ष अपराधमुक्त राजनीति का विरोध करके अपराधियों का संरक्षण कर रहा है? क्या उसे अपने ही दागी नेताओं के लिए भय है? लोकतंत्र को बचाने और मजबूत करने के लिए यह विधेयक समय की मांग है। नया भारत तभी विकसित भारत बनेगा जब उसकी राजनीति अपराधियों से मुक्ति होगी। अपराधमुक्त राजनीति से ही सुशासन आएगा, ईमानदार नेतृत्व पनपेगा और जनता के बीच विश्वास की नई रोशनी जगेगी। यही लोकतंत्र की असली जीत होगी*

गंभीर आपराधिक आरोपों में घिरे नेता चाहे वे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं मंत्री ही क्यों न हो, उनकी गिरफ्तारी या हिरासत के बाद एक निश्चित अवधि बीत जाने पर हटाने की व्यवस्था वाले विधेयक को जब केन्द्र सरकार ने लोकसभा में प्रस्तुत किया तो जरूरत से ज्यादा हंगामा एवं विरोध समझ में नहीं आया। इस तरह ईमानदार, अपराधमुक्त राजनीति एवं चरित्रसम्पन्न-पवित्र राजनेताओं की पैरवी वाले विधेयक पर हंगामा लोकतंत्र की गरिमा को आहत करता है। गृहमंत्री अमित शाह ने सूझबूझ का परिचय देते हुए अपनी ओर से इन विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकार भी कर लिया, अब तो विपक्ष को विरोध एवं हंगामें को विराम देते हुए इस पर विचार करना चाहिए कि आखिर ऐसी ईमानदार, समानतापूर्ण एवं आदर्श व्यवस्था क्यों नहीं बननी चाहिए, जिससे उच्च पदों पर बैठे नेताओं के गंभीर अपराधों में गिरफ्तारी अथवा हिरासत में लिये जाने पर उनके लिये पद छोड़ना आवश्यक हो जाये? आखिर इस आदर्श व्यवस्था में समस्या क्या है? क्यों विपक्ष नैतिक एवं आदर्श राजनीतिक व्यवस्था में अवरोधक बनकर अपने नैतिक चरित्र पर प्रश्न खड़े कर रहा है? क्या इस विधेयक का असर सत्तापक्ष के नेताओं पर नहीं होगा?

आजादी के बाद से कतितय राजनीतिक विसंगतियों के चलते राजनीति में अपराधी तत्वों का वर्चस्व बना रहा है। जनता यह अपेक्षा करती है कि जिन्हें वह अपना प्रतिनिधि चुनती है, वे अपराधमुक्त, निष्कलंक, ईमानदार और चरित्रवान हों। परन्तु स्थिति इसके विपरीत दिखती रही है। एक ओर जनप्रतिनिधि अपराधों में संलिप्त पाए जाते हैं, दूसरी ओर वे पद से इस्तीफा देने या सार्वजनिक जीवन से दूर रहने के बजाय सत्ता की कुर्सी से चिपके रहते हैं। यही प्रवृत्ति जनता के विश्वास को तोड़ती है और राजनीति को संदेह के घेरे में डाल देती है। यह प्रश्न अब और गंभीर हो उठा है कि क्या ऐसे व्यक्तियों को शासन और सत्ता के उच्च पदों पर बने रहने का अधिकार होना चाहिए? क्या लोकतंत्र का आधार अपराध और भ्रष्टाचार पर खड़ा किया जा सकता है? निश्चित ही नहीं। जब तक राजनीति से अपराधी तत्वों का निष्कासन नहीं होगा, तब तक न तो सुशासन स्थापित हो सकता है न ही नया भारत, विकसित भारत एवं आदर्श भारत बन सकता है और न ही राजनीति के प्रति जनता का भरोसा लौट सकता है। आज समय आ गया है कि नए कानून बनाकर राजनीति को अपराधमुक्त बनाने की दिशा में ठोस एवं कारगर कदम उठाए जाएं। यह केवल चुनाव सुधार का मामला नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र की आत्मा को बचाने का प्रश्न है। ऐसे प्रावधान होने चाहिए कि जिस क्षण कोई जनप्रतिनिधि गंभीर अपराध में आरोपित होकर जेल भेजा जाए या आरोप सिद्ध होने तक हिरासत में रहे, वह स्वचालित रूप से अपने पद से मुक्त हो जाए। इस्तीफे की प्रतीक्षा या राजनीतिक दबाव की आवश्यकता ही न रहे। अनेक नेताओं ने ऐसा आदर्श प्रस्तुत भी किया, लेकिन आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा आदि अनेक पार्टियों के नेताओं ने जेल से सरकारें चलाने एवं मंत्री पद पर बने रहने के काले अध्याय रचे हैं, इसी के चलते इस नये विधेयक की अपेक्षा सामने आई। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में स्वच्छ राजनीति केवल आदर्श नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। जब सत्ता और शासन के केंद्र में अपराधी मानसिकता के लोग बैठते हैं, तो वे शासन को अपने स्वार्थ और अपराधों की ढाल बना लेते हैं। इससे न केवल लोकतांत्रिक व्यवस्था खोखली होती है, बल्कि आम जनता का जीवन भी संकट में पड़ता है। भ्रष्टाचार, धनबल, बाहुबल, भाई-भतीजावाद, हिंसा और अनैतिकता का वातावरण उसी समय पनपता है, जब राजनीति अपराधियों के कब्जे में जाती है। ईमानदार और स्वच्छ छवि वाले नेताओं की मांग आज पहले से अधिक बढ़ गई है। जनता ऐसे नेतृत्व की तलाश में है जो अपने आचरण से उदाहरण प्रस्तुत करे। राजनीति यदि सेवा और त्याग का माध्यम बनेगी तो ही समाज का कल्याण होगा। जिन नेताओं पर जरा भी संदेह का धुंधलका हो, उन्हें स्वयं स्वेच्छा से पद छोड़ देना चाहिए। यही परंपरा राजनीति को उच्चता और गरिमा प्रदान कर सकती है। अपराधमुक्त राजनीति केवल नैतिक अपेक्षा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूरी है। जब तक राजनीति में शुचिता और नैतिकता का स्थान नहीं बनेगा, तब तक सुशासन और ईमानदार प्रशासन की कल्पना अधूरी ही रहेगी। नए कानूनों का निर्माण कर अपराधियों के लिए राजनीति के दरवाजे बंद करना समय की सबसे बड़ी मांग है। यह कदम न केवल लोकतंत्र को सुदृढ़ करेगा, बल्कि जनता के भीतर यह विश्वास भी जगाएगा कि राजनीति वास्तव में लोककल्याण के लिए है, न कि अपराधियों की शरणस्थली। यही अपराधमुक्त राजनीति का दर्शन है, जहां सत्ता अपराधियों का आश्रय-स्थल न होकर समाज की नैतिक ऊर्जा का केंद्र बने। यही उसकी सबसे बड़ी उपयोगिता है कि वह लोकतंत्र को उसकी वास्तविक आत्मा लौटाए और राजनीति को सेवा, शुचिता और ईमानदारी का प्रतीक बनाए। भारतीय लोकतंत्र में पिछले कुछ वर्षों से राजनीति और अपराध के गठजोड़ को लेकर गहरी चिंता लगातार उठती रही है। जनता बार-बार यह अपेक्षा करती है कि जिन्हें वे संसद और विधानसभा भेजते हैं, वे न केवल ईमानदार और पारदर्शी हों बल्कि उनके चरित्र और आचरण पर कोई दाग न हो। किंतु बार-बार यही देखने को मिलता है कि गंभीर आपराधिक मामलों में फंसे नेता भी उच्च पदों पर बने रहते हैं और शासन-सत्ता का उपयोग अपने बचाव के लिए करते हैं।

इसी पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार द्वारा संसद में पेश किया गया नया विधेयक (संविधान का 130वां संशोधन) एक ऐतिहासिक कदम माना जा सकता है, केन्द्र सरकार इन विधेयकों को भ्रष्टाचार एवं अपराध विरोध बता रही है, जबकि विपक्ष इससे सहमत नहीं। उनकी असहमति अनेक प्रश्नों को खड़ा कर रही है कि आखिर विपक्ष दागियों की वकालत करते हुए वह स्वयं भी दागी क्यों बन रही है? आशंका जताई जा रही है कि यदि यह संशोधन पारित हो गया तो विपक्ष-शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और मंत्री अस्थिर हो सकते हैं, उनके पद संकट में पड़ सकते हैं। दरअसल यह विरोध केवल विधेयक का नहीं बल्कि अपनी राजनीतिक सुविधा, अपनी सत्ता बचाने और सुरक्षा का है। प्रश्न यह उठता है कि क्या विपक्ष वास्तव में अपराधमुक्त राजनीति नहीं चाहता? क्या केवल सत्ता में बने रहने के लिए राजनीति को अपराधियों का अड्डा बनाए रखना आवश्यक है? विपक्ष का तर्क है कि सरकार इस विधेयक का दुरुपयोग कर सकती है, और केवल आरोप लगाकर भी नेताओं को पद से हटाया जा सकता है। लेकिन सच्चाई यह है कि लोकतंत्र में जब तक कानून कठोर और स्पष्ट नहीं होगा, तब तक राजनीति से अपराध का सफाया संभव नहीं है। यदि किसी निर्दोष व्यक्ति पर आरोप गलत सिद्ध होता है तो उसके लिए पुनः प्रतिष्ठा अर्जित करने के रास्ते खुले रहेंगे, परंतु गंभीर आरोपियों को शासन की कुर्सी पर बने रहने देना लोकतंत्र के साथ अन्याय है, उसकी मूल आत्मा को ध्वस्त करना है। ऐसा अरविन्द केजरीवाल ने पहली बार किया और जेल से ही सरकार चलाने का दम भरते रहे।

## एसडीएम प्रीति सिंह के नेतृत्व में की गई बड़ी कार्रवाई

वेलकम इंडिया संवाददाता




सचिन गुप्ता सिरौलीगौसपुर बाराबंकी एसडीएम प्रीति सिंह के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई की गई। एसडीएम ने एआरटीओ, सीओ और पुलिस की संयुक्त टीम के साथ बदोसरांय चौराहे पर चार ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका। जांच में तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली में नंबर प्लेट और रजिस्ट्रेशन के कागजात नहीं मिले। इन तीनों वाहनों को सीज करके कोतवाली बदोसरांय में खड़ा करवा दिया गया। चौथे ट्रैक्टर-ट्रॉली में 4 हजार ईंट ओवरलोड पाई गईं। इस पर 5 हजार रुपये का जुमार्ना लगाकर छोड़ दिया गया। टीम में एआरटीओ अंकिता शुक्ला, एसडीएम प्रीति सिंह, पुलिस उपाधीक्षक रामनगर गरिमा पंत और कोतवाली बदोसरांय के प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी शामिल थे। पकड़ा गया ट्रैक्टर-ट्रॉली मौलाबाद के पास स्थित ईंट भट्टे से ईंट लेकर जा रहा था। एसडीएम प्रीति सिंह ने बताया कि क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों पर नियमित कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र के वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है।

## बीच बाजार और घनी आबादी में संचालित मीट की दुकानों पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

वेलकम इंडिया संवाददाता

**कुलदीप जायसवाल बनीकोडर बाराबंकी** सुमेरगंज बाजार की घनी आबादी और बीच बाजार में चल रही मीट की दुकानों को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

क्षेत्रीय जनता की परेशानियों को लेकर पूर्व बीडीसी मोहम्मद इश्तियाक उर्फ सोनू के नेतृत्व में लोगों ने एसडीएम रामसनेहीघाट को ज्ञापन सौंपते हुए इन दुकानों को बाजार से हटाकर एकांत में स्थानांतरित करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि मीट दुकानदार खुले में गंदगी फेंकते हैं, जिससे न केवल वातावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि आवारा कुत्तों की भरमार के चलते सड़क हादसे भी बढ़ रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को होती है, जिन्हें रास्ते में खून और गंदगी देखकर उल्टी तक हो जाती है। गौरतलब है कि इन दुकानों के 100 मीटर के दायरे में शिव मंदिर, 200 मीटर की दूरी पर हनुमान मंदिर, और मात्र 50 मीटर की दूरी पर ग्रामीण बालिका विद्यालय स्थित है, इसके बावजूद प्रशासन ने अब तक इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जब इन दुकानों पर मुर्गे की गाड़ियां आती हैं तो बदबू और भीड़भाड़ से लोगों को चलना भी दूभर हो जाता है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से रजत सोनी, रामकुमार सोनी, शिवकुमार सोनी, मनीष जायसवाल, रामायण यादव, ऋषि कुमार जैन, ध्रुव गुप्ता, आकाश यादव, इलियास अहमद, इसरार अहमद, सोनू, मोनू, मनु सोनी, डॉक्टर बंगाली और कन्हैया निषाद समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे। एसडीएम रामसनेहीघाट ने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही इस मामले का स्थायी समाधान किया जाएगा।

## धूम धाम से मनाई गई कन्हैया जी की छठी

**बाराबंकी।** स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन रखे गए कन्हैया डोल गुरुवार को छठी के दिन श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से एक दर्जन से अधिक डोल गाजे बाजे के साथ निकाल कर नगर में घुमाया गया। स्थानीय नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन रखे गए कन्हैया डोल गुरुवार को छठी पर्व पर अपार्जन समूह के भी गाजे बाजे के साथ सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से निकालकर पूरे नगर में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकला गया। भक्तों द्वारा जगह-जगह भगवान श्री कृष्ण की आरती उतारी गई।

## सड़क जर्जर होने से घरों में घुसा पानी, नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में अव्यवस्थाओं और लापरवाही का आलम एक बार फिर सामने आया है। नगर के मोहल्ला रायजादगान के वार्ड संख्या एक में मुख्य सड़क लंबे समय से पूरी तरह जर्जर पड़ी है। बरसात शुरू होते ही सड़क की हालत और बिगड़ गई। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों में पानी भर गया, आरोप है कि बरसात होते ही सड़क तालाब का रूप ले लेती है। बरसात का पानी आसपास के घरों में भी घुस गया, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के बसपा नेता किरणपाल, प्रवीण, हरेंद्र, कृष्णा, ममति, कमला, पोदी सहित आदि ने बताया कि कई घरों में तो हालात इतने खराब हैं कि रसोई और कमरे तक में पानी भर जाता है।

## मोबाइल गुम होने पर साधु काट रहा थाने के चक्कर

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी एक साधु ने अपने साथी साधु पर उसका मोबाइल गुम करने का आरोप लगाते हुए बरामद करने की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि वह लगातार दो माह से थाने के चक्कर काट रहा हैं मगर उसकी कोई भी सुनवाई नहीं हो रही पीड़ित ने थाने पहुंचकर मोबाइल बरामद करने की गुहार लगाई है। गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वह गांव की ही गोगा महडी में रहकर पूजार्चना और साफ सफाई करता है। पीड़ित लगभग दो महा पूर्व हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेने के लिए गया था और उसके साथ उसका साथी भी हरिद्वार से कावड़ लेने के लिए गया हुआ था।

# इंजीनियर कवीश राणा ने सड़क मरम्मत के लिए डीएम को दिया प्रार्थना पत्र

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**बिजनौर** : नूरपुर क्षेत्र के गांव गोहावर हल्लू व गोहावर जैत का मुरादाबाद स्टेट हाईवे से लिंग मार्ग पिछले करीब एक दशक से बदहाल है। मौजूदा हालत में सड़क में गहरे गहरे गड्ढों की स्थिति से ग्रामीणों का आवागमन दुभर हो गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग की मरम्मत के प्रति घोर अनदेखी हो रही है जिससे ग्रामीणों में लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग की मरम्मत के प्रति घोर और अनदेखी के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने मार्ग की मरम्मत ले होने पर आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार की चेतावनी दी है। गांव गोहावर निवासी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष इंजीनियर कवीश राणा के नेतृत्व में गांव का एक प्रतिनिधि मंडल बिजनौर जिला अधिकारी जसजीत कौर से जाकर मिला तथा मुरादाबाद स्टेट हाईवे से गांव गोहावर तक 600 मी सड़क की मरम्मत के संबंध में जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मार्ग की बदहाल स्थिति से अवगत कराते हुए सड़क मार्ग के बनवाने की मांग की है। और बताया कि गांव गोहावर में मंगलवार व शनिवार को बाजार लगता है बाजार में आसपास के करीब 40 गांव के किसान और व्यापारी जुड़े हैं गांव में आने के लिए मुरादाबाद स्टेट हाईवे से करीब 600 मीटर लिंक मार्ग है। पिछले एक दशक से इस मार्ग की हालत बदहाल है स्टेट हाईवे से लेकर गांव के अड्डे तक मार्ग गहरे गड्ढों में तब्दील हो गया है जिसमें वाहनों के साथ ही पैदल चलना भी दुभर हो गया है। बरसात में मार पर 2, 3 फिट पानी भरने से आवागमन बाधित हो जाता है अक्सर गडडो की चपेट में आकर वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। इतना ही नहीं इस मार्ग से एक डिग्री कॉलेज, दो इण्टर कॉलेज, चार परिषदीय स्कूलो के साथ आधा दर्जन निजी स्कूलो, सरकारी अस्पताल व शमशान घाट का रास्ता है गांव से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर चांगीपुर मिल है गांव के किसान इसी मार्ग से मिल को गन्ना सप्लाई करते है।अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष इंजीनियर कवीश राना ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मार्ग की बदहाल स्थिति से अवगत कराते हुए मार्ग के दोनों और नाला, बीच में डिवाइड सहित सड़क मार्ग बनवाने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष कवि राणा, समीर प्रताप, कुलदीप सिंह, शैलेंद्र सिंह, धनराज सिंह, वीर सिंह, मुकेश कुमार, अंकुश कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, अवनीश कुमार, प्रमोद कुमार रहे।

# पीड़ित को मिलेगा न्याय और दोषियों पर होगी कार्रवाही : एसडीएम स्मृति मिश्रा

**वेलकम इंडिया: नितिन शर्मा**



**धामपुर।** नवागत आईएएस उपजिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा ने पद भार ग्रहण कर लिया है। दैनिक वेलकम इंडिया को दी जानकारी में बताया कि जनपद बिजनौर में बतौर उपजिलाधिकारी उनकी पहली पोस्टिंग है। इस वर्ष वह बिजनौर में जॉइंट मजिस्ट्रेट के पद पर रही। वह मूल रूप से गाजियाबाद जनपद की निवासी है।उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की जीरो टॉलरेंस नीति पर वह कार्य करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने एवं दोषियों पर कार्रवाही करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में पीड़ित सीधे उनसे संपर्क करे। उन्होंने क्षेत्र की जनता से प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। उन्होंने मीडिया को देश का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि अधिकांश जानकारी मीडिया के माध्यम से प्राप्त होती है इसलिए मीडिया कर्मियों का विशेष महत्व उनके कार्यकाल में रहेगा।

# एटीएम कार्ड बदलकर ?38 हजार की ठगी



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर के स्योहारा।** कस्बे के मोहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी इल्यास अहमद के पुत्र मोहम्मद शाहरुख के बैंक खाते से एक अज्ञात युवक ने एटीएम कार्ड बदलकर ?38,000 की ठगी कर ली ।जानकारी के अनुसार शाहरुख का खाता पंजाब नेशनल बैंक, स्योहारा शाखा में है। बीते 10 अगस्त 2025 को दोपहर करीब ढाई बजे इल्यास अहमद अपने पुत्र के खाते से पैसे निकालने के लिए ढठइ एटीएम पहुँचे। उसी दौरान एक युवक ने चालाकी से उनका एटीएम कार्ड बदल दिया और असली कार्ड लेकर फरार हो गया। बाद में आरोपी ने कार्ड से ?38,000 रुपये निकाल लिए ।पीड़ित ने थाना स्योहारा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि बैंक एटीएम में सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद ठगी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और ठग पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। घटना से नगरवासियों में आक्रोश व्याप्त है।

# झांसी मनस्विनी द्वारा जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया



**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** झांसी मनस्विनी द्वारा जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया ।यह कार्यक्रम चार्टर अध्यक्ष रजनी गुप्ता तथा अध्यक्ष कल्पना सेठ की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजिका आकांक्षा मलैया तथा प्रियंका सरावगी द्वारा सभी सदस्यों का कृष्ण धुन के साथ चंदन के तिलक और फूलों से स्वागत किया गया। इसके पश्चात रजनी गुप्ता कल्पना सेठ रजनी वर्मा निधि नगरिया इत्यादि ने मिलकर कृष्ण पूजन के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सदस्याओं में रजनी गुप्ता रजनी वर्मा शिवांगी सेठ राशी गुप्ता निधि नगरिया रामश्री गुप्ता कल्पना सेठ रचना सोनी दिव्या गुप्ता इत्यादि ने मिलकर नृत्य प्रस्तुतियां दी। शशि सराओगी ने कृष्ण भजन सुनाया। मीनू चावला दिव्या गुप्ता तथा निधि नगरिया ने मनमोहक कृष्ण के वेष में सुंदर प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में रजनी गुप्ता प्रथम शिवांगी सेठ द्वितीय तथा निधि नगरिया तृतीय और रजनी वर्मा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में रजनी गुप्ता कल्पना सेठ शिवांगी सेठ प्रियंका सरावगी रजनी वर्मा प्रियंका सेठ नीलम गुप्ता रचना सोनी रजनी सेठ पल्लवी चतुर्वेदी कुसुम साहू राम श्री गुप्ता दिव्या गुप्ता शशि सरावगी मीनू चावला संयोगिता सेन अर्चना गुप्ता राशि गुप्ता मोनिका गुप्ता रेनू शुक्ला इत्यादि कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम संयोजिका प्रियंका सराओगी तथा आकांक्षा मलैया ने संचालन किया तथा सचिव निधि नगरिया ने आभार व्यक्त किया!

## पूर्व राज्यपाल भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर।** नजीबाबाद पुण्यतिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि पूर्व राज्यपाल भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह के न्यू लक्ष्मी नगर नजीबाबाद निवास पर राजस्थान के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश सरकार के भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व श्री कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने सुशासन की सरकार दी है तो वह नाम स्वर्गीय कल्याण सिंह जी का है उन्होंने सत्ता का लालच न करके राष्ट्रहित में सरकार चलाई नकल विहीन परीक्षा कराकर उत्तर प्रदेश में एक अलग इतिहास रचने का काम किया था साथ ही उन्होंने भगवान श्री राम के प्रति अपनी आस्था का परिचय दिया इस अवसर पर वरिष्ठ नेता चौधरी ईशम सिंह, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला संयोजक डा रितेश सैन, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा पिछड़ा मोर्चा अरविंद विश्वकर्मा, युवी चौधरी, नरेंद्र सिंह आदि ने अपनी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## चाइनीस मांझे की चपेट में दंपति आकर घायल, बाइक सवार की गर्दन काटी, मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के निकट गांव नाला कट पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा उड़ाई जा रही पतंग के मांझे की चपेट में आकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। पीड़ित व्यक्ति के भाई ने अज्ञात पतंग उड़ाने वाले के व्यक्ति के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अज्ञात पतंग उड़ाने वाले व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है। कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव गोगवान निवासी कुलदीप पुत्र इंद्रपाल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित का भाई संजीव अपनी पत्नी मानसी के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल इब्राहिमपुर माजरा थाना रमाला से वापस अपने गांव लौट रहा था। पीड़ित के भाई ने अज्ञात पतंग उड़ने वाले के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर अज्ञात पतंग उड़ने वाले की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही पतंग उड़ाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## पति ने पत्नी पर लगाया लाखों रुपए लेकर फरार होने का आरोप

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर दो लाख रुपए और जेवरात गायब करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी वसीम पुत्र नसीम ने गुरुवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित अपनी पत्नी फरीदा के साथ देहरादून में रहकर हेयर सैलून का कार्य करता है। पीड़ित ने कई माह पूर्व कस्बे में ही एक प्लाट खरीदा था। गुरुवार को पति-पत्नी देहरादून से रुपए लेकर कस्बे में आ रहे थे। पीड़ित का आरोप है कि पीड़ित सहारनपुर से कस्बे में आने वाली बस में सवार था और रास्ते में पीड़ित को नींद आ गई। जैसे ही पीड़ित की आंख खुली तो पीड़ित की पत्नी दो लाख रुपए और जेवरात लेकर गायब हो गई। पीड़ित ने अपनी पत्नी की काफी तलाश की, लेकिन पीड़ित की पत्नी का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित मानसिक रूप से परेशान हो गया। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर अपनी पत्नी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# रालोद छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडे का किया जोरदार स्वागत



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर** : राष्टीय लोकदल छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडेय अमरोहा से बिजनौर जाते हुए। नूरपुर में ब्लॉक रोड स्थित राष्ट्रीय लोकदल के कैंप कार्यालय पर रुके। कार्यालय पर राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय महासचिव चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट ने उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर अमन पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल का सदस्य अभियान चल रहा है इसके अंतर्गत छात्र सभा का गठन भी किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय महासचिव चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट, छात्र सभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष रोहिलखंड अभिजीत चहल, प्रदेश महासचिव प्रशांत तोमर, आईटी सेल से हरीश, मुरादाबाद छात्र सभा के जिला अध्यक्ष अमरजीत सिंह, मनोज वर्मा, सरदार रविंदर सिंह, बागेश चौधरी, अर्पित त्यागी आदि मौजूद रहे।

# कु० दर्शिका वत्स ने नीट परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर नगीना।** अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चौहान की होनहार पुत्री डा0 दर्शिका वत्स एमबीबीएस ने देश की प्रतिष्ठित नीट (पीजी ) परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर अपने परिवार व गुरुजनों का नाम रोशन किया है। दर्शिका वत्स की कामयाबी पर गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

अपर जिला एंव सत्र न्यायालय नगीना में कार्यरत अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (क्रिमिनल) पंकज चौहान की होनहार सुपुत्री डॉ0 दर्शिका वत्स एमबीबीएस ने आल इंडिया लेवल की नीट पीजी की परीक्षा में 2228 रैंक प्राप्त कर शानदार सफलता प्राप्त की है। वर्तमान में जनपद पीलीभीत जिला अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत डॉ0 दर्शिका वत्स ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के आशीर्वाद को बताते हुए कहा कि वह एमडी मेडिसिन या रेडियोलॉजी में करके पीड़ितों की सेवा करना चाहती हैं। डॉ0 दर्शिका वत्स के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके पिता अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चौहान को उनके शुभचिंतक वरिष्ठ अधिवक्ता मौ0 आरिफ खां, टीकम सिंह, अशोक त्यागी, प्रेम कुमार शर्मा एडवोकेट, फरीद खां, अजय शर्मा, अमित कुमार शर्मा, मनोज कुमार शर्मा कल्याणपुर वाले, शादाब अहमद, अरशद जावेद, शफीक अहमद, शहजाद अंसारी, मनीष राणा, अलीम सलमानी आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# खुर्जा पहुंचे गीतकार संतोष आनंद का हुआ जोरदार स्वागत

**वेलकम इंडिया**



**खुर्जा।** जगद्गुरु आईटीआई कॉलेज के द्वारा परम श्रद्धेय सत्यदेव शास्त्री कभी भोपू जी के स्मृति दिवस के अवसर पर एस एम जे ई सी इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न शहरों से कवि उपस्थित हुए विराट कवि सम्मेलन में मुख्य आकर्षण के रूप में बॉलीवुड के महान गीतकार सन्तोष आनंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान इको फिल्म प्रोडक्शन के प्रोड्यूसर विपिन सिसोदिया एवं एंटी करप्शन मूवमेंट भारत के द्वारा संतोष आनंद को भव्य रूप से सम्मान पत्र व शॉल ओढ़ाकर स्वागत व अभिनंदन किया। बॉलीवुड गीतकार सर्व संतोष आनंद ने बॉलीवुड के लिए एक से एक बढ़कर नगमे दिए।जिंदगी की ना टूटे लड़ी प्यार कर ले घड़ी दो घड़ी,एक प्यार का नगमा है मोजों की रवानी है,मोहब्बत है क्या चीज हमको बताओ,ये गलियां ये चौबारा यहाँ आना ना दोबारा, चना जो गर्म बाबू मैं लाया मजेदार ,पूरवा सुहानी आई रे,ओर नहीं बस ओर नहीं,मैं ना भूलूंगा ये कसमें ये वादे। जैसे गली-गली चौराहे गाये जाने वाले बॉलीवुड के तमाम सुपरहिट सदाबहार गीत सन्तोष आनन्द द्वारा ही लिखे गए हैं। कार्यक्रम के दौरान जगद्गुरु आईटीआई कॉलेज के प्रबंधक योगेश प्रधानाचार्य अनीता भारद्वाज, एंटी करप्शन मूवमेंट भारत के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा, वीरेंद्र गुप्ता,अतुल गोविल,शैलेंद्र सोलंकी,चमन लाल जुनेजा,सोनू शर्मा,शाकुल तायल आदि लोग शामिल रहे।

# थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने हत्या के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

> सूचना पर हम जिला अस्पताल खलीलाबाद गये जहाँ मेरे भतिजे को मृत घोषित कर दिया गया ।उक्त प्रथार्ना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 755/2025 धारा 190/191(2)/191(3)/103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया ।

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय, व0उ0नि0 राजेश कुमार दूबे, उ0नि0 इल्ताफ खान, हे0का0 पप्पू सिंह, का0 बलराम यादव, का0 संजीत कुशवाहा ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 755/2025 धारा 190/191(2)/191(3)/103(1) बीएनएस में वांछित अभियुक्त रोहित यादव पुत्र विश्वनाथ यादव निवासी पूर्वी बंजरिया, यादव टोला थाना कोतवाली खलीलाबाद को बृहस्पतिवार को नियमानुसार श्मशानघाट इंडस्ट्रियल एरिया के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बढोत्तरी की है। विदित हो कि दिनांक 19.08.2025 वादी रविप्रकाश सिंह पुत्र स्व० राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पटखौली वार्ड न0 8 थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, थाना कोतवाली खलीलाबाद पर द्वारा तहरीर दिया कि दिनांक 18.08.2025 समय रात्रि लगभग 9.00 से 9.30 के बीच हमारे मोबाइल पर फोन आता है कि हमारे भतिजे आयुष सिंह (संगम) पुत्र राघवेंद्र प्रताप सिंह निवासी बड़ी पटखौली थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को किसी ने गोली मार दी । सूचना पर हम जिला अस्पताल खलीलाबाद गये जहाँ मेरे भतिजे को मृत घोषित कर दिया गया । उक्त प्रथार्ना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 755/2025 धारा 190/ 191 (2)/191(3)/103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया । बृहस्पतिवार को उक्त अभियुक्त को 02 अदद जिंदा कारतूस 7.65 बोर गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# रामगंगानगर: भूखंड बेचकर बीडीए का खजाना भरा, सुविधाएं नदारद, खरीदारों की नही ले रहा कोई सुध

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** दूसरों को नियमों का पाठ पढ़ाने वाला बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) खुद अपने बनाए हुए नियमों का किस तरह से पालन कर रहा है इसका अंदाजा प्राधिकरण की रामगंगानगर आवासीय योजना को देखकर साफ तौर पर लगाया जा सकता है। प्राधिकरण द्वारा इस योजना में भूखंड बेचकर करोड़ों रुपये कमाए गए, लेकिन भूखंड खरीदारों को सुविधाएं मुहैया कराने में प्राधिकरण फिसड्डी ही साबित हो रहा है। इस कॉलोनी की सड़कें-नालियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। रोशनी नदारद है। सुरक्षा तक का कोई इंतजाम तक नहीं है। सेक्टर-नौ के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। जिम्मेदारान सुविधाएं मुहैया कराने के बजाय दूसरी योजनाओं में प्लॉटिंग कराने में व्यस्त हैं। चार साल पहले बसाई गई रामगंगानगर आवासीय योजना की पड़ताल में यह तस्वीर उभरकर सामने आई। बुधवार दोपहर एक बजे टीम सेक्टर-नौ (सत्यम एन्क्लेव) के प्रवेश द्वार पर पहुंचने पर देखा गया कि वहां बने गार्ड रूम में बिजली कनेक्शन तक नहीं है। कॉलोनी के अंदर भी नागरिक सुविधाएं शून्य ही मिलीं। पानी की टंकी बनी है, पर जलापूर्ति नहीं होती। नलकूप के दरवाजे पर ताला जड़ा हुआ था, जबकि प्राधिकरण प्रत्येक घर में टंकी से जलापूर्ति का दावा कर रहा है। साफ-सफाई नहीं होने से पूरी कॉलोनी झाड़ियों और मच्छरों की गिरफ्त में है। सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। चोक नालियों में बारिश का पानी भरा है। स्ट्रीट लाइटें नहीं जलतीं। लोगों ने खुद के खर्च पर सुरक्षा का इंतजाम कर रखा है। नागरिकों का कहना है कि उन्होंने अच्छी सुविधाओं वाली आवासीय कॉलोनी समझकर लाखों रुपये खर्च कर भूखंड खरीदे और मकान बनवाए, लेकिन यहां असुविधाओं का बोलबाला है। अब खरीदार खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। कॉलोनी में पार्क के नाम पर खाली प्लॉट है। इसमें पार्क जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। वहां झाड़ियों के बीच ट्रांसफार्मर रखा है। वहां आठ हाईमास्ट लाइटें लगी हैं, पर वे जलती नहीं हैं। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि सुरक्षा के लिए उन्होंने 500 रुपये रोज के हिसाब में निजी गार्ड रखे हैं। कॉलोनी निवासी ने बताया कि घर के सामने घना जंगल है। यहां घर बनाकर परेशान हो गए हैं। न तो पानी की सुविधा है न ही सफाई का इंतजाम।

# गणित ओलंपियाड परीक्षा में जूनियर के बच्चों ने दिखाया उत्साह



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान फरीदपुर की प्राचार्य एवं उपनिदेशक के निर्देशन और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली संजय सिंह के आदेश के अनुसार समस्त उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में गणित ओलंपियाड की परीक्षा कराई गई। इस परीक्षा के प्रश्न पत्र डाइट स्तर से जारी किए गए थे, जो कल यानी बुधवार को ही विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को प्राप्त हो गए थे। प्रश्न पत्र में कुल 30 प्रश्न थे, जिसमें 20 प्रश्न बहुविकल्पीय तथा 10 प्रश्न वस्तुनिष्ठ दिए गए थे। बच्चों को प्रश्न पत्र ब्लैक बोर्ड पर लिख दिया गये तथा उत्तर पुस्तिका की व्यवस्था बच्चों ने स्वम अपने स्तर पर ही की। विद्यालय स्तर पर 70 प्रतिशत अंक पाने वाले दो बच्चों को चयनित किया जाना है, उसके पश्चात ब्लॉक स्तर पर 75 प्रतिशत तथा जनपद स्तर पर 80 प्रतिशत प्राप्तांक वाले बच्चों को चयनित किया जाएगा। यह परीक्षा सभी विद्यालयों में ठीक 10:00 बजे प्रारंभ कर दी गई थी।

# मिशन शक्ति फेज -5.0 के तहत पिंक बूथ सर्किल खलीलाबाद द्वारा ग्राम दलेलगंज पंचायत भवन में जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में शासन द्वारा चलाए जा रहे महिला *मिशन शक्ति फेज -5.0 * अभियान में बच्चियों/महिलाओं के विरुद्ध छेड़छाड़ व यौन उत्पीड़न जैसे अप्रिय घटनाओं की रोकथाम हेतु पिंक बूथ सर्किल खलीलाबाद द्वारा उ0नि0 सुश्री अंजलि सरोज, म0आ0 विमला यादव, म0आ0 अदिति, म0का0 रानी गौड़, म0का0 सीमा व परिवार काउंसलर मो० रफितुल्लाह द्वारा बृहस्पतिवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद अन्तर्गत ग्राम दलेलगंज पंचायत भवन पर बालिका / महिला सुरक्षा अभियान चलाया महिला बीपीओ को आवश्यक आदेश निर्देश से अवगत कराया ह्व इस सम्बन्ध में पिंक बूथ प्रभारी सुश्री अंजली सरोज ने पिंक बूथ स्थापना के उद्देश्यों को विस्तारपूर्वक बताया तथा महिला आरक्षी श्रीमती विमला यादव द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत सभी आवश्यक आपातकालीन टोल फ्री नम्बर के बारे में जानकारी दी। परिवार काउंसलर रिफातुल्लाह अंसारी द्वारा पारिवारिक समस्याओं या बच्चियों को उनके शैक्षणिक जागरूकता के सम्बन्ध में व पारिवारिक जीवन में आने वाली समस्याओं व उनके निवारण के सम्बन्ध में प्रकाश डाला। इस अभियान में चौपाल लगा कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के बारे में व आत्मरक्षा के बारे में बताया गया साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090,181,112, 1076 व 1098,108,102,1930 साइबर हेल्प लाइन तथा मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी दी।

# मुख्यमंत्री के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट करने पर मुकदमा दर्ज



वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बा निवासी एक युवक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभद्र टिप्पणी कर दी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर कब्जे से मोबाइल बरामद कर अभियोग दर्ज किया है पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। कस्बा निवासी एक युवक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करते हुए आपत्तिजनक पोस्ट कर दी। आरोपी युवक के द्वारा की गई आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर नगर के लोगों में रोष फैल गया। सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई पुलिस ने साइबर सेल की मदद से आरोपी युवक की पहचान कर हिरासत में ले लिया आरोपी युवक की पहचान कस्बा निवासी सलमान पुत्र इरफान कांधला के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद करते हुए अभियोग दर्ज कर लिया पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने चेतावनी दी है कि इस तरह की है आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जलालाबाद अब परशुरामपुरी नाम रखे जाने पर केंद्र और यूपी सरकार को बधाई: पंडित रविकांत शर्मा

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह




**हापुड़ दिल्ली यूपी!** विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सोमदत्त शर्मा यूपी के कार्यकारी अध्यक्ष पंडित मायाप्रकाश शर्मा यूपी उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा प्रदेश के कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद शर्मा एडवोकेट जिलाध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने गृह मंत्रालय और यूपी सरकार का आधार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी रखे जाने पर आभार व्यक्त किया! आपको बता दे कि विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा की अगुवाई में यूपी में ब्राह्मण समाज के कल्याण उत्थान प्रगति संस्कृति एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए यूपी में तूफानी दौरे कर रहे हैं केंद्र और यूपी सरकारों को बधाई देते हुए कहा कि भगवान श्री परशुराम जी की जन्मस्थली का नाम बदलने के साथ-साथ अयोध्या की तरह भगवान श्री परशुराम जन्मस्थली का जीर्णोद्धार भी अति आवश्यक है! यूपी सहित भारत के करोड़ों ब्राह्मणों के अराध्य भगवान श्री परशुराम जन्मस्थली आस्था का केंद्र है!


# जलालाबाद अब परशुरामपुरी नाम रखे जाने पर केंद्र और यूपी सरकार को बधाई: पंडित रविकांत शर्मा





वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़ दिल्ली यूपी!** विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सोमदत्त शर्मा यूपी के कार्यकारी अध्यक्ष पंडित मायाप्रकाश शर्मा यूपी उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा प्रदेश के कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद शर्मा एडवोकेट जिलाध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने गृह मंत्रालय और यूपी सरकार का आधार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी रखे जाने पर आभार व्यक्त किया! आपको बता दे कि विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा की अगुवाई में यूपी में ब्राह्मण समाज के कल्याण उत्थान प्रगति संस्कृति एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए यूपी में तूफानी दौरे कर रहे हैं केंद्र और यूपी सरकारों को बधाई देते हुए कहा कि भगवान श्री परशुराम जी की जन्मस्थली का नाम बदलने के साथ-साथ अयोध्या की तरह भगवान श्री परशुराम जन्मस्थली का जीर्णोद्धार भी अति आवश्यक है! यूपी सहित भारत के करोड़ों ब्राह्मणों के अराध्य भगवान श्री परशुराम जन्मस्थली आस्था का केंद्र है!


# अमेठी में जमीन विवाद को लेकर दोहरी हत्या, देवर पर आरोप

वेलकम इंडिया



**अमेठी।** मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के रूदौली गांव में गुरुवार सुबह जमीन विवाद को लेकर हुई घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। आरोप है कि एक युवक ने अपनी विधवा भाभी और भतीजे की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। घटना में मृतकों की पहचान रमावती (45) और उनके बेटे आकाश (20) के रूप में हुई है। आकाश घर पर रहकर खेती करता था जबकि बड़ा भाई लुधियाना में नौकरी करता है। परिजनों का कहना है कि आरोपी रामराज (36) और मृतक परिवार के बीच डेढ़ बीघा जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। कुछ दिन पहले खेत में कीटनाशक डाले जाने के आरोप ने तनाव और बढ़ा दिया था। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे रमावती और आकाश खेत में काम कर रहे थे। तभी आरोपी परिवार सहित वहां पहुंचा और दोनों पर कुल्हाड़ी व डंडों से हमला कर दिया। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। ग्राम प्रधान के भाई राजीव सिंह ने बताया कि घटना से करीब एक घंटे पहले ही रमावती ने फोन कर आशंका जताई थी कि ह्यये लोग हमें मार देंगे, थाने में एप्लिकेशन डलवा दीजिए ह्व लेकिन थोड़ी ही देर बाद हत्या की सूचना मिल गई। मृतका के भाई जगराम ने बताया कि विवाद को लेकर पहले पंचायत भी हो चुकी थी, लेकिन मामला सुलझ नहीं पाया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# सारा की बैठक में जिलाधिकारी ने नौले धारे और नदियों के संरक्षण हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्प्रिंग एवं रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी (सारा) की बैठक ली। बैठक में जनपद के प्राकृतिक जल स्त्रोतों झ नौले, धारे और नदियों के संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई ।जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को मनरेगा योजनाओं के साथ कन्वर्जेन्स करते हुए चाल, खाल एवं खंतियों का निर्माण करने के साथ ही भागीरथ ऐप पर चिन्हित 73 क्रिटिकल स्त्रोतों की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को सारा के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं जिलाधिकारी ने गरुड़ गंगा प्रोजेक्ट में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि धारी गदेरे की एक करोड़, दुआगाड़ की 33 लाख तथा देवराड गदेरे की 26 लाख की डीपीआर शासन को भेजी गई है। वहीं पेयजल निगम की तीन योजनाओं नॉटी गदेरे, सीमार भिड़ा गदेरे तथा सिमगाड़ गदेरे को अनुमोदन प्रदान किया गया ।बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव मर्तोलिया, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जरूरतमंदों को मिलेगा बिना ब्याज ऋण और आवास सहायता

वेलकम इंडिया

**मेरठ।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए खुशखबरी है। जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने जानकारी दी कि अन-फीडिंग वर्ल्ड बैंक नामक अंतर्राज्यीय परियोजना अब उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में लागू की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को मकान निर्माण के लिए रु. 2.40 लाख की सहायता दी जाएगी, साथ ही बिना ब्याज ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा।

डीएम ने बताया कि इस अनूठी परियोजना के तहत किसानों, महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और अन्य वंचित वर्गों को सीएसआर वेलफेयर फंड से जीरो डिपॉजिट आरडी अकाउंट खोले जाएंगे। इनके माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार प्रशिक्षण और छोटे-छोटे बिलों के भुगतान के लिए सीधी सहायता दी जाएगी। यह पहल दुनिया में पहली बार बिना किसी औपचारिकता के कैश सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना से जुड़े किसी भी तरह के दावे या दुष्प्रचार को अवैध माना जाएगा। सभी विवादों पर परियोजना प्रबंधन का निर्णय ही अंतिम होगा। परियोजना के संचालन के लिए प्रदेश के सभी विकासखंडों में आउटसोर्सिंग एजेंसियों और लोन ऑफिसरों की नियुक्तियां की जा रही हैं। प्रत्येक लोन ऑफिसर 250 लाभार्थियों का चयन करेगा और उनके खाते खोलवाने की जिम्मेदारी निभाएगा। इसके बदले उन्हें 22 हजार रुपये मासिक मानदेय मिलेगा। आउटसोर्सिंग एजेंसियां अपने ब्लॉक स्तर के मीटिंग हॉल और कार्यालयों का उपयोग भी कर सकेंगी। वहीं, परियोजना के संपूर्ण संचालन और मॉनीटरिंग का कार्य एक एसोसिएशन के तहत किया जाएगा।

## जल्द होंगे इंटरव्यू

डॉ. सिंह ने बताया कि बहुत जल्द उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए प्रभारी अधिकारियों की स्थायी नियुक्ति साक्षात्कार के आधार पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल जरूरतमंदों को छत मुहैया कराएगी बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगा।

# संदेश संस्था में शुरू हुआ आई0 विजन सेंटर मिलेगी सभी सुविधाएं

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



हापुड़ जनपद में स्वयं सेवी संस्था संदेश द्वारा क्षेत्रवासियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उनकी आवश्यकताओं के अनुसार विकास के बहुत से कार्य किये है। इसी क्रम में क्षेत्रवासियों के लिए आँखों की समस्याओं को देखते हुए नेत्र परीक्षण केंद्र की स्थापना संदेश संस्था के प्रांगण में की गई हैं। केंद्र का लोकार्पण लायंस क्लब गाजियाबाद यूनाइटेड के मण्डल अध्यक्ष विनय शिशोदिया, संदेश की सचिव पूनम परिहार व लायंस आई हॉस्पिटल के चेयरमैन योगेश कंसल ने फीता काटकर व दीपप्रज्वलित कर किया ।इस केंद्र के बारे में बताते हुए संदेश की सचिव पूनम सिंह परिहार ने बताया कि संदेश संस्था विगत 32 वर्षो से नेत्र परीक्षण व मोतियाबिंद ऑपरेशन के शिविरों का आयोजन कर लगभग 4000 मरीजों के आंखों का ऑपरेशन करा चुकी है। किंतु आँखों की अन्य समस्याओं के लिये मरीजों को बहुत दूर जाना पड़ता है। अब आँखों की सभी समस्याओं का निदान संदेश परिसर में बनाये गये नेत्र परीक्षण केंद्र के आसानी से कराया जा सकेगा। इससे मरीजों को दूर जाने की समस्याओं से भी छुटकारा मिल गया है। लायंस आई हॉस्पिटल के चेयरमैन योगेश कंसल ने बताया कि लायंस द्वारा इस तरह के 10 नेत्र परीक्षण केंद्र खोलने का लक्ष्य तय किया है जिसमे से सर्वप्रथम संदेश परिसर में आरंभ किया गया है। इस केंद्र में नेत्र सम्बन्धी सभी प्रकार की समस्याओं का निदान किया जायेगा तथा ऑपरेशन के लिये लायंस आई हॉस्पिटल गाजियाबाद में ले जाकर किया जायेगा।

# पट्टी मे गोली चलाने वाला ब्लाक प्रमुख तो नशे का सौदागर निकला

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली अन्तर्गत रजिस्ट्रार आफिस मे जमीन रजिस्ट्री करने आए दो सगे भाईयो को विगल माह गोली मार घायल करने वाले पूर्व मन्त्री मोती सिह के करीबी ब्लाक प्रमुख सुशील सिह ,जिसे लखनऊ से गिरफ्तार किया गया था। उसके द्वारा घटना मे प्रयुक्त कार को उसकी निशानदेही पर प्रतापगढ़ पुलिस ने बरामद किया है ।वही ब्लाक प्रमुख के द्वारा प्रतिबंधित नशीली दवाए जो छिपाकर रखी गयी थी वो भी बरामद की गयी है। रिमांड पर लिए गए ब्लॉक प्रमुख सुशील सिंह पुत्र फतेह बहादुर निवासी गांव रामकोला थाना पट्टी की निशानदेही पर पट्टी थाने की पुलिस ने गोलीबारी की घटना में शामिल कार बरामद किया है। कार को बेसमेंट में छिपाकर रखा गया था। साथ ही ड्रग तस्करी के धंधे का भी पुलिस ने भंडाफोड़ किया। सुशील सिंह की निशानदेही पर 34.10 ग्राम प्रतिबंधित नशीली दवाएं भी पुलिस ने बरामद की है। आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस के अनुसार सुशील सिंह ने अपना जुर्म कुबूल किया है। आरोपी बड़े पैमाने पर जिले में प्रतिबंधित नशीली दवाओं की सप्लाई भी करता था। उसने अवैध कारोबार और नशे के कारोबार की बात स्वीकार की है। इसके माध्यम से उसने बेनामी संपत्ति भी बनाई है। प्रतिबंधित ड्रग्स मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ नया मुकदमा भी दर्ज किया गया है। नशे के जखीरे को उसने जमीन में गाड़कर छिपाया था। पुलिस ने सुशील के आपराधिक इतिहास को भी उजागर किया है। पट्टी और नगर कोतवाली में उसके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। छानबीन में लवी शंकर का नाम भी सामने आया है। पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है।

# थाना खीरी में तिवारी की तैनाती ने बदला माहौल, अपराध थमे, सुरक्षा बढ़ी

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**

**लखीमपुर खीरी।** अपराध रोकथाम और जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानने वाले थाना अध्यक्ष निराला तिवारी जब से खीरी थाने की कमान संभाली है, तभी से पूरे क्षेत्र का माहौल बदलने लगा है। उनकी कार्यशैली इतनी प्रभावी और सख्त है कि अपराधियों के चेहरों पर खौफ साफ नजर आता है, वहीं आम नागरिक राहत की सांस ले रहे हैं। बीते एक महीने में थाना खीरी क्षेत्र में जिस तरह से पुलिस की सक्रियता और ताबड़तोड़ कार्रवाइयाँ देखने को मिली हैं, वह स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बन चुकी हैं। लोग खुले तौर पर कह रहे हैं कि निराला तिवारी ने यह साबित कर दिया है कि अगर पुलिस ईमानदारी और मजबूती से काम करे तो अपराधियों को सिर उठाने का मौका नहीं मिलेगा।

निराला तिवारी ने चार्ज संभालते ही सबसे पहले अपराध की रोकथाम को अपनी प्राथमिकता बनाया। उन्होंने यह साफ कर दिया कि थाना खीरी क्षेत्र में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। जिस दिन उन्होंने पदभार संभाला, उसी दिन से क्षेत्र में लगातार दबिश और गश्त बढ़ा दी गई। उनके नेतृत्व में पुलिस टीम ने चोरी, नकबजनी और अवैध शराब कारोबार जैसे अपराधों पर सख्त कार्रवाई की। दर्जनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई और कई वांछित व वारंटी अपराधियों को पकड़कर जेल भेजा गया। नतीजा यह हुआ कि अपराध का ग्राफ गिरा और अपराधियों में पुलिस का डर बढ़ा। वहीं स्थानीय लोग इस बदलाव को महसूस करने लगे कि अब अपराधियों के लिए खीरी क्षेत्र सुरक्षित जगह नहीं रहा।

सिर्फ अपराध पर ही नहीं बल्कि सामाजिक माहौल और त्योहारों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी थाना अध्यक्ष का विशेष ध्यान रहा। चाहे सावन माह की कांवड़ यात्रा रही हो या फिर मोहर्रम का अवसर, निराला तिवारी ने व्यक्तिगत रूप से पूरी सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। कांवड़ यात्रा के दौरान वे रात-दिन सड़कों पर मौजूद रहे और कांवड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित की। मोहर्रम पर भी उन्होंने पहले से तैयारियों की समीक्षा की और धर्मगुरुओं, संभ्रांत



नागरिकों तथा सामाजिक संगठनों से संवाद कर आपसी सौहार्द बनाए रखने का प्रयास किया। इन प्रयासों का परिणाम यह हुआ कि त्योहार पूरी शांति और सौहार्द के साथ सम्पन्न हुए और किसी तरह का विवाद खड़ा नहीं हुआ।

निराला तिवारी की कार्यशैली की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वे थाने में आने वाले हर फरियादी को पूरा सम्मान देते हैं। आमतौर पर लोग थाने जाने से कतराते हैं, लेकिन उनके कार्यकाल में माहौल बदल गया है। अब थाने में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाता है

■ जनता का भरोसा लौटा, अपराधियों में पुलिस का खौफ गहराया

और तुरंत समाधान की कोशिश की जाती है। फरियादियों को सम्मानपूर्वक बैठाकर उनकी समस्या का हल निकालने का प्रयास किया जाता है। इस बदलाव ने जनता के बीच पुलिस की छवि को बेहतर किया है और ह्लमित्र पुलिसह्न की अवधारणा को मजबूत किया है।

हमारे संवाददाता से बातचीत के दौरान थाना अध्यक्ष निराला तिवारी ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और आम जनता की सुरक्षा व सम्मान को हमेशा सर्वोपरि रखा जाएगा। थाना अध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि थाने में आने वाले हर फरियादी की बात ध्यान से सुनी जाएगी और किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस की असली ताकत जनता का विश्वास है और उस विश्वास को बनाए रखना ही उनका संकल्प है।

थाना अध्यक्ष केवल थाने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहते हैं। वे नियमित रूप से कस्बे के मुख्य मार्गों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल के साथ गश्त करते हैं। शाम के समय पैदल गश्त कर लोगों से मिलते हैं और उनकी समस्याओं को भी सुनते हैं। इससे अपराधियों पर दबाव बना रहता है और जनता को भी यह एहसास होता है कि पुलिस उनके बीच है और हर पल उनकी सुरक्षा के लिए मौजूद है। पिछले एक महीने में थाना खीरी पुलिस ने अवैध कारोबार पर भी सख्ती दिखाई है। अवैध शराब माफिया के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में तस्करी पर रोक लगाई गई। चोरी और नकबजनी जैसे अपराधों पर लगाम लगाने में भी पुलिस को उल्लेखनीय सफलता मिली। कई अभियुक्त गिरफ्तार हुए और जेल भेजे गए। वांछित और वारंटी अपराधियों की धरपकड़ में लगातार अभियान चलाया गया और अपराधियों को कानून के हवाले किया गया। इन कार्रवाइयों का असर यह हुआ कि अपराधियों में दहशत है और आम जनता को राहत मिली है।

निराला तिवारी की कार्यशैली में पारदर्शिता और जनता से संवाद सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है। वे अक्सर व्यापारियों, समाजसेवियों और नागरिकों से मुलाकात कर क्षेत्र की स्थिति का जायजा लेते हैं। लोगों की राय और फीडबैक को महत्व देते हैं और उसी हिसाब से रणनीति बनाते हैं। उनकी यही खासियत है कि लोग उन्हें न सिर्फ पुलिस अधिकारी बल्कि एक सच्चे जनसेवक के रूप में भी देख रहे हैं।


थाना खीरी पुलिस टीम की सफलता में उनके सहयोगी पुलिसकर्मियों का भी बड़ा योगदान है। निराला तिवारी के नेतृत्व में पूरी टीम ने बेहतरीन तालमेल और मुस्तैदी दिखाई है। चाहे रात में अचानक दबिश देनी हो या दिन में चेकिंग अभियान चलाना हो, हर स्तर पर टीम ने सक्रियता से काम किया। इस टीमवर्क ने अपराध नियंत्रण की दिशा में थाना खीरी को एक मिसाल बना दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निराला तिवारी की कार्यशैली बाकी अधिकारियों से बिल्कुल अलग है। वे जमीन से जुड़े हुए हैं, सादगीपूर्ण जीवन जीते हैं और जनता से सीधे संवाद करते हैं। यही वजह है कि लोग उन्हें ह्लमित्र पुलिस का चेहराह्न कहकर संबोधित करते हैं। उनके आने के बाद लोगों का पुलिस पर भरोसा और गहरा हुआ है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग मानते हैं कि अब उनकी फरियाद को अनसुना नहीं किया जाता बल्कि उसे गंभीरता से हल करने की कोशिश होती है। निष्कर्ष यही है कि बहुत कम समय में थाना अध्यक्ष निराला तिवारी ने यह साबित कर दिया है कि अगर पुलिस ईमानदारी और मुस्तैदी से काम करे तो अपराध पर लगाम लगाना असंभव नहीं है। उनकी कार्यशैली अपराधियों के लिए खौफ और जनता के लिए राहत लेकर आई है। यही कारण है कि आज थाना खीरी क्षेत्र में लोग खुद को पहले से ज्यादा सुरक्षित महसूस कर रहे हैं और पुलिस पर पहले से कहीं अधिक भरोसा कर रहे हैं। निराला तिवारी ने न केवल कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया है बल्कि जनता के मन में यह विश्वास भी पैदा किया है कि पुलिस हमेशा उनके साथ है।

### अस्पताल एवं ब्लॉक परिसर के आस पास

## महीनों से भरा पानी , फैल सकती है बीमारी जिम्मेदार बेखबर

**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर।** खुर्जा-शिकारपुर मार्ग पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व ब्लाक के सामने सड़क किनारे लंबे समय से पानी भरा हुआ है। इस बदबूदार पानी के पास से निकलने वाली महिलाओं, बच्चों, तीमारदारों को परेशानी हो रही है। यह स्थिति महीनों से है इसके बावजूद भी अधिकारी बेपरवाह हैं।







बारिश के उपरांत जगह-जगह हुआ जलभराव बीमारियों को दावत दे रहा है। बीमारियों में डेंगू, मलेरिया, डायरिया, हैजा, जैसी बीमारियों की आशंका बनी हुई है। क्षेत्र वासियों को मच्छरजनित बीमारियों के प्रकोप से बचाने के लिए सरकार ने पानी की निकासी के लिए तथा बारिश के तीसरे दिन भी पानी रूका दिखाई दे तो उस पानी की निकासी की जाए तथा वहां पर दवाओं का छिड़काव करने के आदेश दिए थे। उधर

सीएचसी प्रभारी डॉ. शशि शेखर सिंह ने बताया कि बारिश के मौसम में जगह-जगह पानी व कीचड़ जमा होने के कारण उसमें मच्छर व तरह-तरह के बैक्टीरिया पैदा होते है जो कि विभिन्न प्रकार की बीमारियों को दावत देते है, इसके अलावा मौसम में नमी के कारण बैक्टीरिया अधिक पनपते है, जो पानी को दूषित कर बीमारियों का कारण बनते है। पानी में पनपता है डेंगू व मलेरिया फैलाने वाला मच्छर, डेंगू बुखार भी मच्छरों के काटने से ही फैलता है, लेकिन डेंगू फैलाने वाले मच्छर साफ पानी में पनपते हैं, एडिज मच्छर के काटने से फैलने वाले इस रोग का प्रभाव मरीज के पूरे शरीर और जोड़ों में तेज दर्द के रूप में होता है। इस जल भराव से निजात दिलाने की नगर पालिका सहित अन्य अधिकारियों ने पानी निकासी की जहमत नहीं उठाई है इस गंदे पानी में मच्छर पनप रहे हैं जिससे बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

## रामलीला मंचन में महिलाओं को भी मिलेगा मौका

**गरुड़, दिनेश नेगी।** कत्यूर रामलीला कमेटी की रामलीला की तैयारियों को लेकर रामलीला कमेटी भवन में बैठक आयोजित हुई।बैठक में सर्वसम्मति से रामलीला मंचन को आकर्षक बनाने हेतु इस बार महिलाओं को भी रामलीला मंचन में किरदार अदा करने का मौका दिया जाएगा। तय किया गया कि इस बार रामलीला में निभाई जाने वाली विविध भूमिकाओं में महिलाओं को बराबर अवसर दिए जाएंगे। रामलीला के पात्रों के लिए कमेटी द्वारा ऑडिशन शुरू कर दिया गया है। कमेटी के निदेशक नीरज पन्त ने रामलीला क्षेत्र के रंगमंच में रुचि रखने वाले पुरुष, महिला और बच्चों से ऑडिशन में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की है। ऑडिशन समिति में संगीत निदेशक अशोक रावत, कैलाश भरडा, विपिन जोशी और नीमा वर्मा शामिल हैं।

## राधाष्टमी के अवसर पर साहित्यकार सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन 31 अगस्त को

**वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**

**मथुरा।** ट्रांसपोर्ट नगर/मंडी समिति के पीछे मंशा टीला स्थित पं लटूर प्रधान फार्म हाउस में प्राग हरि साहित्यिक व आध्यात्मिक शोध संस्थान, जयपुर एवं ब्रजवानी जन सेवा समिति, ब्रज नगर (डीग) राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में राधाष्टमी के पावन अवसर पर साहित्यकार एवं पत्रकार सम्मान समारोह 31 अगस्त 2025 को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा।



जानकारी देते हुए ब्रजवानी जन सेवा समिति के अध्यक्ष हरीश चंद्र शर्मा ₹हरि₹ ने बताया है कि कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वाह्न 11 बजे सरस्वती वंदना के साथ होगा।साथ ही ₹रम गयौ मन वृंदावन में₹ ब्रजभाषा गीत संग्रह का विमोचन किया जाएगा।तत्पश्चात 11:30 बजे से सम्मान समारोह आयोजित होगा। इसके अलावा 12 बजे से 02:30 बजे तक कवि सम्मेलन का आयोजन होगा।जिसमें देश भर के कई प्रख्यात कवियों द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा।

प्राग हरि साहित्यिक और आध्यात्मिक शोध संस्थान की संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर सरोज गुप्ता (जयपुर) ने बताया है कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश पांडेय ₹निर्भय₹ करेंगें।साथ ही मुख्य अतिथि डॉक्टर ब्रज भूषण चतुर्वेदी एवं विशिष्ट अतिथि प्रख्यात साहित्यकार/पत्रकार डॉक्टर गोपाल चतुर्वेदी व कन्हैया लाल सारस्वत होंगे।कार्यक्रम के संयोजक/ संचालक प्रख्यात कवि अभिषेक ₹अमर₹ (ब्रज नगर,डीग) हैं।

■ प्राग हरि साहित्यिक और आध्यात्मिक शोध संस्थान, जयपुर एवं ब्रजवानी जन सेवा समिति, ब्रज नगर, डीग (राजस्थान) के संयुक्त तत्वावधान में होगा वृहद आयोजन

## शिक्षकों की हड़ताल से बच्चों की पढ़ाई पर संकट

**वेलकम इंडिया**



**गरुड़।** शिक्षकों की चाक डाउन हड़ताल से बच्चों की पढ़ाई पर संकट आ गया है। बच्चे स्कूल जा रहे हैं, लेकिन बिना पढ़ाई किए वापस घरों को लौट रहे हैं। हड़ताली शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में प्रदर्शन किया। राजकीय शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष डा. हरेंद्र रावल व महामंत्री राहुल खुल्बे ने बताया कि 25 अगस्त को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गरुड़ में शिक्षक पूर्ण कार्य बहिष्कार के साथ प्रदर्शन करेंगे। पीएम श्री राइंका गरुड़ में शिक्षकों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान राशिसं के जिला महामंत्री देवेंद्र मेहता, शिक्षक गिरीश चंद्र सिंह नेगी, मोहन जोशी, कैलाश जोशी, एमपी भट्ट, मोहन सिंह बिष्ट, आदित्य पंत, कैलाश सनवाल आदि शिक्षक मौजूद थे।

## संस्कारवान पुरुष में ही पाई जाती है शिक्षा और विद्या : कुलाधिपति

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए नवप्रवेशी छात्र परिचय कार्यक्रम ह्यदीक्षारंभ-2025-26ह्न का भव्य शुभारंभ हवन-यज्ञ के साथ किया गया, जिसमें विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी सहित कुलपति डा. एनसी प्रजापति, प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल, कुलसचिव डा. पूरन सिंह और मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने यज्ञ में आहुति देकर की। केएम विश्वविद्यालय में हवन यज्ञ के पश्चात शैक्षणिक सत्र के पहले दिन ऑडिटोरियम पहुंचे सैकड़ों की संख्या में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को दीक्षारंभ ओरिएंटेशन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की उपलब्धियां और आने वाले वर्षों में विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली शिक्षा के बारे में जानकारी दी गई।



ओरिएंटेशन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वृंदावन आनंदम धाम से पधारे सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज जी ने जीवन, शिक्षा और सकारात्मक-आध्यात्मिक सोच के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और 16 कलाओं से परिपूर्ण श्रीकृष्ण के जीवन में सुदामा चरित्र पर प्रकाश डाला और कहा विज्ञान बहुत उन्नत हो चुका है, अब इसे रोक देना चाहिए, यंत्र व मशीनों पर हम जी रहे हैं। दुनिया में 76 प्रतिशत लोग तनाव में जी रहे हैं, हर परिवार में एक पागल (तनावग्रस्त)व्यक्ति होता है।विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा विद्या शिक्षा कहीं भी मिल सकती है विद्या होती है उसमें शिक्षा व संस्कार होते है। शिक्षित व्यक्ति में विद्या होती है तो उसमें अच्छे संस्कार पाये जाते है। आप जैसा सोचोगे वैसे ही बन जाओगे। इस दौरान कुलाधिपति ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम और योगीराज श्रीकृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अच्छे मित्र बनाने की सलाह दी।

विवि के सलाहाकार डा. एसपी गोस्वामी ने विद्यार्थियों से जीवन, कॅरिअर और सफलता से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण सूत्र साझा किए। अपने अनोखे अंदाज में उन्होंने स्लाइड्स, प्रेरक शेरो-शायरी और कहानियों के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल मार्गदर्शन दिया, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन और दूरदर्शिता की ओर प्रेरित किया। प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल ने कहा नवप्रवेशित विद्यार्थी अब परंपरागत पाठ्यक्रम के बाद तकनीकी एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम से जुड़े हैं, जहां से विद्यार्थी जीवन को नई दिशा मिलेगी। कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने कहा विद्यार्थी जीवन में ये जो आने वाले साल हैं, ये सिर्फ एक डिग्री पाने के लिए नहीं, बल्कि अपने आपको निखारने के साल हैं। यहां जो आप सीखेंगे, वही आपकी सोच बनाएगा, आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगा।

इससे पूर्व ओरिएंटेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विवि के कुलाधिपति ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया तथा मुख्य अतिथि सद्गुरु ऋतेश्वर जी का विवि के चांसलर ने श्रीराधाकृष्ण की प्रतिमा भेंट कर स्वागत-सम्मान किया और आर्शीवचन लिया।

केएम विश्वविद्यालय में विवि में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में स्नातक स्तर पर बी.टेक, बी. फॉर्मा, बीएससी, बायोटेक, बीए, बीकॉम, बीए और बीकॉम एलएलबी ऑनर्स, डिप्लोमा इन फॉमेर्सी, स्नातकोत्तर स्तर पर एमटेक, एमबीए, एम. फॉर्मा (फामोकोलॉजी एंड फार्मास्यूटिक्स) आदि कोसों के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं ने ओरिएंटेशन में शिरकत की है, इसके अलावा विशेष आमंत्रित आरके पांडेय, वेटरिनरी एसोसिएशन डीन डा. पीताम्बर सिंह, विवि के सब रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल, एडमिशन हैड समीक्षा भारद्वाज, खेल डायरेक्टर आरके शर्मा, दीपक, अनिल, देवेन्द्र असिटेंट रजिस्ट्रार के अलावा संकाय के डीन, प्रोफेसर अन्य विवि का स्टाफ मौजूद रहा।

## अंजली कौशिक ने एमए हिंदी में जीते दो स्वर्ण पदक , राज्यपाल ने किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के 91वें दीक्षांत समारोह में एम.ए. हिंदी की छात्रा गोवर्धन निवासी अंजली कौशिक ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए दो प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक हासिल किए। अंजली को यह सम्मान एम.ए. हिंदी में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के लिए दिया गया है।




अंजली कौशिक को डॉ. श्रीमती इंदिरा गांधी स्वर्ण पदक और महेंद्र जी स्मृति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने उन्हें ये पदक प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर, अंजली ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता श्री विट्ठल कौशिक और अपने गुरुजनों को दिया। उन्होंने कहा कि उनके प्रोत्साहन और मार्गदर्शन के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। अंजली की इस सफलता पर उनके परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए बल्कि विश्वविद्यालय और पूरे आगरा शहर के लिए भी गर्व का विषय है।

## ब्राह्मण और ठाकुर महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी का वीडियो हुआ वायरल पुलिस जांच में जुटी

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** कस्बा गोवर्धन में एक वीडियो इस समय फेसबुक और इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहा है जिसमें ब्राह्मण और ठाकुर महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। पंकज शरण नामक एक जाटव युवक के अकाउंट से यह वीडियो वायरल बताया जा रहा है, जिसमें महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक शब्द कहे गए हैं। वीडियो के वायरस होते ही कस्बे के लोगों में और युवकों में आक्रोश पैदा हो गया। तनाव की स्थिति को देखते ही पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया और मामले की जांच में जुट गई है। युवक के अनुसार उसका फोन हैक करके किसी अन्य व्यक्ति द्वारा यह कृत्य किया गया है।



थाना इंचार्ज रवि त्यागी से इस विषय में बात हुई तो उन्होंने बताया कि अभी युवक को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच पड़ताल पूरी होने के बाद में उचित विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## विशाल दधि मटकी महोत्सव 23 अगस्त को



**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** 23 अगस्त को प्रति वर्ष की भांति श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन उपलक्ष्य में दधि मटकी महोत्सव का आयोजन मुक्ताकाशी मंच पर शाम 04:00 बजे से किया जाना सुनिश्चित हुआ, जिसमें वृंदावन से बांसुरी ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में कई टीमें प्रतिभाग करने के लिए आ रही हैं। इनमें ओरछा से गणेश मण्डल टीम और ओरछाधाम टीम, बड़ागांव गेट बाहर से भूतनाथ टीम ने अपना पंजीकरण भी करा लिया है। दधि मटकी को सजाकर क्रेन द्वारा लटकाया जाएगा, जिसकी ऊंचाई लगभग 22 फुट रहेगी। इस वर्ष मटकी तोड़ने वाली जो भी विजेता टीम रहेगी, उसको कमेटी की ओर से 51,000/- रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्री अनुराग शर्मा जी एवं विधायक रवि शर्मा जी रहेंगे। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से श्री परनतप शर्मा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ, बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा), श्री देवेन्द्र दुबे (पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, बीकेडी), श्री अतुल मिश्रा (विश्व हिन्दू परिषद), श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह, श्री अमित खटीक, श्री धीरज गोस्वामी, श्री सौरभ वाजपेई, श्री अंकित साहू, श्री बंटी गुर्जर, श्री बहादुर राय, श्री आशीष गुप्ता, श्री रवि पाल आदि उपस्थित रहे। आभार श्री परमजीत सिंह 'मन्नी सरदार' ने व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी ने यमुना के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत तहसील महावन के ग्राम नगला अकोस का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने यमुना जी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत तहसील महावन क्षेत्रांतर्गत ग्राम नगला अकोस का निरीक्षण किया। ग्राम नगला अकोस प्रमुख संपर्क मार्गों से डिस्कनेक्ट हो गया है और यमुना जी ने रास्ते का कटान कर दिया है, जिसके दृष्टिगत गांववासियों के लिए खाना, पीना, भोजन आदि की सुविधा की गई है। माननीय विधायक बल्देव श्री पूरन प्रकाश जी, माननीय सांसद प्रतिनिधि श्री जनार्दन शर्मा जी, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी महावन कंचन गुप्ता आदि ने गांव का भ्रमण किया। उन्होंने स्थिति का मौके पर जायजा लिया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने ग्रामवासियों से वार्ता की और उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने सभी से अपील की कि यमुना जी से दूर रहे। आस-पास न जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद/सहायत हेतु प्रशासन कटिबद्ध है। सभी प्रभावित परिवारों को मुआवजा दिया



जाएगा। जिलाधिकारी ने आम-जनमानस से वार्ता की, समस्याओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने गांववासियों को अवगत कराया कि ओवरब्रिज का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है, यमुना जी का जलस्तर कम होने एवं शासन से स्वीकृति मिलने के उपरांत कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा, जिससे एक पक्की सड़क का निर्माण हो सकेगा और आवागमन की जो समस्या उत्पन्न हो रही हैं, उससे निजात मिलेगी।

जिलाधिकारी ने नौका विहार एवं ट्रैक्टर के माध्यम से आस पास के क्षेत्र का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामवासियों की हर संभव मदद की जाए। उन्होंने कहा कि अभी गांव में 200 पैकेट बाढ़ राहत सामग्री वितरण कराई जा रही है, शेष जो रह जाएगा उनको भी अगले दिन उपलब्ध करा दी जाएगी।

जिलाधिकारी ने गांव वालों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली और आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन आपके साथ खड़ा है और आप लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सारी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। उन्होंने बाढ़ राहत सामग्री का वितरण किया। बाढ़ राहत सामग्री में 10 किलो आटा, 10 किलो चावल, 2 किलो अरहर की दाल, 2 किलो चना, 2 किलो भुना चना, 1 किलो रिफाइंड, 1 किलो सरसों का तेल, 10 बिस्कुट के पैकेट, 1 मग, 1 तिरपाल, 1 बैग, 200 ग्राम हल्दी, 100 ग्राम मिर्च, 200 ग्राम सब्जी मसाला, 1 पैकेट मोमबत्ती, 1 पैकेट माचिस, नहाने के 2 साबुन, कपड़े धोने के 2 साबुन, सैनेट्री 20 पैड, डिस्पोजल बैग 20, 100 ग्राम डिटोल, 1 पीस सूती कपड़ा, 1 तौलिया आदि सामग्री शामिल है, जो लगभग 14 दिन के लिए एक परिवार का भोजन है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पानी के आस-पास वाले गांवों में निरंतर अनाउंसमेंट करते रहे। जिलाधिकारी ने नियमित दूरी में चेतावनी के साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद के अधिकारियों द्वारा निरंतर भ्रमणशील रहकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने जलभराव के क्षेत्रों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी महावन को क्षतिग्रस्त मकानों एवं जलभराव वाले खेतों का सर्वे ससमय पूर्ण कराने के निर्देश दिए। सर्वे के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी को नियम अनुसार मुआवजा दिया जाए। कोई भी छूटना नहीं चाहिए।

निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी महावन कंचन गुप्ता, तहसीलदार सहित ग्राम प्रधान, सचिव, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

# पीडीए फामूर्ला दलित और कमजोर हिन्दुओ की दुर्गति का सर्टिफिकेट : दिव्य अग्रवाल

**वेलकम इंडिया**

इसमें कोई संदेह नहीं की लोकतंत्र की आत्मा उस राष्ट्र का संविधान होता है लेकिन जब आत्मा को ही मार दिया जाए तो लोकतंत्र रुपी मृत देह को ढोने से कोई लाभ नहीं होता। संविधान निमार्ताओं ने भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद जैसे शब्द कभी उपयोग नहीं किए लेकिन तत्कालीन सरकारों ने समाज को भ्रमित कर एक वोट बैंक निर्मित करने के प्रयास में इन शब्दों को संविधान में जोड़कर मूल प्रस्तावना ही बदल दी ,बाबा साहेब जैसे अन्य बुद्धिजीवियों की बुद्धिमता को अपमानित करते हुए जिन लोगो ने तब से लेकर आज तक बाबा साहेब के नाम पर राजनीति की क्या वो लोग संविधान से धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद जैसे शब्द हटवाने की मांग रख सकते हैं। कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह ने संविधान की मूल प्रस्तावना को वापस लाने हेतु उत्तर प्रदेश की विधानसभा में व्याख्यान दिया जो समूचे भारत के लिए बड़ा प्रश्न है आम जनमानस को तो ज्ञात ही नहीं



था की यह दोनों शब्द संविधान निमार्ताओं ने नहीं अपितु सत्ता भोगने वाले नेताओ ने संविधान में डलवाकर संविधान की मूल आत्मा को ही खंडित किया है। संविधान निमार्ता बाबा साहेब ने विभाजन के समय स्पष्ट कहा था की जब धर्म के नाम पर भारत भूमि का विशाल भू भाग और संसाधन पाकिस्तान को दिया जा रहा है तो भारत में एक भी मुस्लिम को रोकना भारत और भारत के लोगों के साथ धोखा होगा, क्या बाबा साहेब के विचारों का सम्मान करते हुए पीडीए फॉमूर्ले में इस बात का समर्थन या मांग की जा सकती है शायद नहीं, क्योंकि देश में पिछड़े और दलित समाज को पीडीए फॉमूर्ले से भ्रमित करने वाला इंडि गठबंधन तब निश्चित ही मौन धारण कर लेता है जब दलित हिन्दू बच्चियों के साथ मजहबी अपराधियों द्वारा किए गए बलात्कार की घटना सामने आती है या जब मजहबियों द्वारा दलित हिन्दू समाज के किसी व्यक्ति की मॉब लिंचिंग में हत्या कर दी जाती है।

राजनीति करना एक लोकतान्त्रिक अधिकार है पर जातिगत विष घोलकर मजहबी अपराध,हत्या,बलात्कार जैसी विभत्ष घटनाओं पर पीडीए का मौन धारण करना यह दशार्ता है की पिछड़ा और दलित समाज की चिंता नहीं बल्कि उनकी कुबार्नी पर सत्ता की चाबी प्राप्त करनी है। योगी सरकार और उनकी पुलिस साधुवाद की पात्र है जो ऐसे अपराधियों पर कठोर कार्यवाही कर रही है जो मजहब के नाम पर दलित हिन्दुओ के बच्चो को प्रताड़ित कर रहे हैं।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार




**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** सदर थाना पुलिस ने नाबालिग से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी मुमताज अहमद को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कई धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। सिद्धार्थनगर पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। केस दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में थी। सिद्धार्थनगर एसओ दुर्गा प्रसाद ने बताया कि मुमताज अहमद पुत्र जुबेर अहमद निवासी तिलसड़ी थाना मोहाना के खिलाफ धारा 69, 78(2), 352, 351(2)बीएनएस व 13/ 14 व 5/6 पाक्सो एक्ट व 67 आईटी एक्ट का केस दर्ज था। आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण की छठी का पर्व

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** भगवान श्री कृष्ण की छ्ठी के अवसर पर वृहस्पतिवार को नगर पंचायत बिस्कोहर के चौक रोड स्थित रस्तोगी शिव मंदिर पर आदर्श श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समिति के तरफ से एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सुजीत कौशल व रोहित कसौधन ने अपने साथियों और सहयोगियों के साथ चावल , छोला व हलुआ का प्रसाद वितरित किया। भंडारे में नगर के साथ क्षेत्रीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



इस मौके पर जय विजय गुप्ता, राजाबाबू कौशल, राजेश कौशल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। दूसरी तरफ नगर के उत्तर यादव डीह स्थित काली माता मंदिर में भी यादव संघ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति के तरफ से भगवान श्रीकृष्ण की छ्ठी मनाई गई। दोपहर साढ़े तीन बजे मंदिर परिसर में पंडित वीरेन्द्र मणि त्रिपाठी व मुनीन्द्र शास्त्री के नेतृत्व में समिति के कार्यकर्ताओ ने हवन पूजन किया।

इस अवसर पर शाम को विशाल भंडारा का आयोजन भी किया गया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता जय वर्धन तिवारी, सुधीर त्रिपाठी, संजय सिंह पूर्व विधानसभा प्रत्यासी डुमरियागंज राम कुमार उर्फ चिनकू यादव, व्यापार मंडल के प्रभात जायसवाल , सपा के सुरेश पांडेय , अध्यक्ष राधेश्याम यादव , किशन रावत , हनुमान यादव , राहुल पांडेय, बब्बू यादव , राम बहाल , राजेश कुमार, बजरंगी यादव , रोहित यादव , विनोद गौतम आदि मौजूद रहें।

# बिजनौर बैराज से 1.76 क्यूसेक छोड़ा गया पानी से गंगा के जल स्तर में वृद्धि

**वेलकम इंडिया**

**अनूपशहर।** हरिद्वार व बिजनौर बैराज से पानी छोड़े जाने से गंगा के जल स्तर में 6 इंच की वृद्धि हुई है। सिंचाई विभाग द्वारा गुरुवार को बिजनौर बैराज से 1 लाख 76 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

पहाड़ी व मैदानी भागों में हो रही मूसलाधार वर्षा के चलते सिंचाई विभाग द्वारा बिजनौर बैराजों से गुरुवार को 1 लाख 76 हजार क्यूसेक अतिरिक्त पानी गंगा में छोड़ा गया है। जिसके चलते गंगा के जल स्तर में वृद्धि हो रही है। गंगा में जल बढ़ने से पुनः लाल महादेव घाट, जाह्नवी द्वार प्लेटफार्म पर बाढ़ का पानी बहने लगा है। खादर क्षेत्र में भी बाढ़ के स्थति जस की तस बनी हुई है। सिंचाई विभाग के एसडीओ अंकित कुमार ने बताया की गुरुवार को बिजनौर बैराज से 1 लाख 76 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे गंगा के जल स्तर की बढ़ने की संभावना है। एसडीएम प्रियंका गोयल ने बताया कि बिजनौर से गंगा में छोड़ा गया पानी 24 घंटे में अनूपशहर क्षेत्र में पहुंचने की संभावना है जिससे गंगा के जल स्तर में 1 फिट जल बढ़ोतरी हो सकती है। संबंधित लेखपाल बाढ़ की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# जोगीबारी में 15 साल से अधूरा पड़ा एएनएम सेंटर,शिकायत के बाद भी अधर मे लटका



**वेलकम इण्डिया/असदुल्लाह सिद्दीकी**

**जोगिया/सिद्धार्थनगर।** विकास खंड जोगिया के ग्राम पंचायत जोगीबारी में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार अधर में लटका हुआ है। गांव में करीब 15 साल पहले एएनएम सेंटर का निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन केवल दीवार उठाने के बाद काम रुक गया।ग्राम पंचायत जोगीबारी प्रधान प्रतिनिधि नीरज सिंह के अनुसार निर्माण शुरू होने पर ग्रामीणों को उम्मीद जगी थी , वे सोच रहे थे कि गांव में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर होगी, लेकिन 15 साल के बाद भी वहां सिर्फ ईट पत्थर की नींव व दीवार जर्जर अवस्था में दिखाई देती है।प्रधान प्रतिनिधि नीरज सिंह ने बुधवार को डीएम को शिकायती पत्र देकर इस मामले की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि अगर यह स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी योजना है, तो निर्माण कार्य किया जाए।

# वार्ष्णेय पहल संस्था द्वितीय ने जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया





**वेलकम इंडिया**

**डिबाई।** वार्ष्णेय पहल संस्था डिबाई का द्वितीय जन्माष्टमी पर्व वार्ष्णेय धर्मशाला में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत होने से पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहजोई से आये राजेश शंकर उर्फ राजू भैया व विशिष्ट अतिथि डिबाई के विनोद खन्ना ऊन वालों ने श्री अक्रूर जी महाराज की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। वृंदावन से चलकर आये कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण के नृत्य को दिखाकर लोगों का मनमोह लिया। वार्ष्णेय पहल संस्था के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत करके उनको स्मृति चिन्ह भी दिए गए। संस्था के पदाधिकारियों ने वार्ष्णेय समाज के 80 उम्र से ज्यादा लोग 14 बुजुर्ग पुरुष व महिलायों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लकी ड्रा का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार प्रशांत वार्ष्णेय,द्वितीय पुरस्कार गौरव वार्ष्णेय (विसायती), तृतीय पुरस्कार सचिन गुप्ता बेलौन वालों को दिया गया। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद गुप्ता पंडावल वाले, योगेश वार्ष्णेय दानगढ़ वाले,अरविंद भंडारी, पिंकी वार्ष्णेय साइकिल वाले,सुशील वार्ष्णेय (भंडारी), रवि वार्ष्णेय डेरी वाले, दिलीप वार्ष्णेय फ्लेक्स,अमित पापा, संस्था के अध्यक्ष नीतीश वार्ष्णेय दानगढ़ वाले,कोषाध्यक्ष आकाश वार्ष्णेय राजा हार्डवेयर, महामंत्री धीरज वार्ष्णेय भाजपा नेता,अनुभव गुप्ता, सचिव अमित वार्ष्णेय कसेर वाले आदि मौजूद रहे।

# जन्म के बाद मां-बाप को देती हैं अनूठा गिफ्ट

## प्रयागराज की डॉ. कीर्तिका अग्रवाल बच्चे का पहला पदचिह्न देती हैं







**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज।** हर मां-बाप अपने बच्चों के बचपन की यादें हमेशा संजो कर रखना चाहते हैं। उनकी हर फोटो को अपने मोबाइल में कैद करते हैं। इसी उद्देश्य से प्रयागराज के वात्सल्य हॉस्पिटल में बच्चों के मां-बाप को गिफ्ट के तौर में अनूठा गिफ्ट दिया जा रहा है।

इस अस्पताल में जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात का पहला पदचिह्न जन्म के तुरंत बाद लिया लिया जाता है। इस पदचिह्न की फ्रेमिंग कराके मां-बाप का दिया जाता है। इसमें बीच में बच्चे के दोनों पैरों के निशान होते हैं और दोनों किनारे पर एक चिह्न मां के हाथ को और दूसरे छोर पर पिता के एक हाथ का चिह्न भी प्रिंट कराया जाता है। प्रसव के बाद जब जच्चा और बच्चा डिस्चार्ज किए जाते हैं तो अस्पताल की डायरेक्टर डॉ. कीर्तिका अग्रवाल उन्हें यह उपहारस्वरूप भेंट करती हैं।

पिता बोले, बच्चे की पहली निशानी हमेशा रखूंगा धनूपुर के रघुनाथपुर निवासी अनुपम शुक्ला की पत्नी रितिका शुक्ला का 2 दिन पहले ही इस अस्पताल में प्रसव हुआ था। डिस्चार्ज होते समय डॉ. कीर्तिका अपनी टीम के साथ वार्ड में पहुंचीं और यह अनूठा गिफ्ट देती हैं। अनुपम कहते हैं कि यहां मेरी बेटी का जन्म हुआ है। पहली निशानी के रूप में उसका पदचिह्न हमें प्रदान किया गया। यह हमेशा के लिए यादगार रहेगा। इसी तरह प्रतिदिन यहां 5 से 6 प्रसव कराए जाते हैं।

# बर्थडे पार्टी में बारबालाओं का डांस, नोटों की हुई बरसात

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र के सनैयारानी मेवाकुंवर गांव में बुधवार रात आयोजित एक बर्थडे पार्टी जिले में चर्चा का विषय बन गई है। इस पार्टी में बारबालाओं के अश्लील डांस और नोटों की बरसात का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। गांव निवासी एहवरन सिंह यादव के बेटे आरके का जन्मदिन मनाने के लिए परिवार ने भव्य इंतजाम किए थे। इस बर्थडे पार्टी में खास आकर्षण के लिए नवाबगंज से बारबालाओं की टोली



बुलवाई गई थी, जबकि डीजे गांव के ही बुद्धसेन कश्यप का बजा। जैसे ही बारबालाओं ने मंच संभाला और ठुमके लगाए, भीड़ बेकाबू हो गई। दर्शकों ने मंच पर खड़े होकर जमकर नोट उड़ाए। हजारों की गड्डियां बार-बालाओं पर लुटाई गई। देर रात तक गानों की धुन, डांस और जश्न का शोर गांव में गूंजता रहा। ये पार्टी पूरी रात चलती रही लेकिन सीबीगंज थाने की पुलिस को इसकी कोई भनक तक नहीं लगी। हालांकि वीडियो वायरल होने के बाद अब मामला चर्चा में आ गया है। सीबीगंज थाना प्रभारी अभिषेक ने बताया है कि वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सनैयारानी मेवाकुँवर गांव में जन्मदिन की खुशियों पर बारबालाओं के ठुमकों और सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो की वजह से सुर्खियों में हैं। जिले में चौपालों से लेकर शहर तक लोग इस पार्टी की चर्चा कर रहे हैं।

# कान्हा की छठी महोत्सव पर हुआ भंडारा

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर** श्री गिरिराज जी सेवा समिति के सौजन्य से गुरुवार को भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने कढी.चावल का प्रसाद ग्रहण किया।

भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप कान्हा की छटी के उपलक्ष्य में गुरुवार को दोपहर सब्जी मंडी स्थित संजीव कुमार बर्तन वालों के प्रतिष्ठान पर श्री गिरिराज जी सेवा समिति के सेवादारों ने कढी चावल कचरी का प्रसाद वितरित किया। आसपास के हजारों लोगों ने श्रृद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया।

# विद्यालय में मनाया छठी का पर्व

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर स्थित सुनील लिटिल रोज पब्लिक विद्यालय में गुरुवार को विद्यालय की प्रबन्धक आस्था जायसवाल के द्वारा कृष्ण जन्म के पश्चात छठे दिन उनकी छठी का आयोजन किया गया। बच्चों ने श्रीकृष्ण, रुक्मिणी, राधा, मीरा के रूप में शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों ने मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान सुदामा और कृष्ण मित्रता प्रसंग का सुंदर सजीव मंचन किया गया। प्रबन्धक आस्था जायसवाल ने बच्चों को जन्माष्टमी त्योहार का महत्व बताया उन्होंने कहा भारत देश में समय-समय पर अनेक तीज त्योहार मनाए जाते हैं। यह हमारी संस्कृति की पहचान हैं। इस मौके पर शिक्षिका अनामिका विस्वास,रोशनी गुप्ता,कामिनी सिंह,सुमन गुप्ता, सबा,सुनीता मौर्य, आरती जायसवाल, अनुपमा जायसवाल उपस्थित रही।



# कांग्रेस लोकतंत्र में विश्वास करने वाली पार्टी : सतीश शर्मा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जोगेश नेहरा के कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी के जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि उनकी पार्टी लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली पार्टी है। सतीश शर्मा ने भाजपा पर आरोप लगाया कि यह जनमत वाली सरकार नहीं है। भाजपा ने लोकतंत्र में वोट चोरी कर सरकार बनाई है।

जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा की इस वोट चोरी के खेल में निर्वाचन आयोग भी शामिल है। सतीश शर्मा ने बताया कि चुनाव से पहले किसी भी राज्य में मतदाताओं की बाढ़ आ जाती है। पचास से साठ लाख मतदाता दूसरे राज्यों में शिफ्ट हो जाते है। मतदान के बाद अचानक चुनाव प्रतिशत बढ़ जाता है। उन्होने कहा कि कांग्रेस हमेशा लोकतंत्र का सम्मान करती है। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी चुनाव हारी थी। अगर भाजपा की तरह कांग्रेस भी वोट चोरी करती तो कांग्रेस कभी सत्ता से बाहर नहीं होती। राहुल गांधी मतदाता अधिकार यात्रा निकाल रहें है। यात्रा को लोगों का भारी समर्थन मिल रहा है।

वरिष्ठ नेता योगेश नेहरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी को साथ लेकर चलती है और सभी के हित की बात करती है अब यह बात जनता समझ चुकी है। इससे सत्तारूढ़ दल को परेशानी हो रही है।

इस दौरान भीष्म सिंह आदि समेत कई मौजूद रहे।

## रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने दरोगा रंगे हाथों गिरफ्तार

**मोदीनगर** । मेरठ की एंटी करप्शन टीम ने कलछीना पुलिस चौकी प्रभारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। दरोगा राजीव कुमार धोखाधड़ी के एक मामले में नाम वापस कराने के एवज में 50 हजार रुपए की रिश्वत ले रहा था। गांव कलछीना के रहने वाले इनामुल के खिलाफ भोजपुर थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज था। इस मामले की जांच कलछीना चौकी प्रभारी राजीव कुमार कर रहे थे। दरोगा ने मुकदमे से नाम हटाने के लिए 75 हजार रुपए की मांग की थी। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत एंटी करप्शन की मेरठ यूनिट से की। टीम ने योजना बनाकर पीड़ित से 50 हजार रुपए देने की बात तय की। गुरुवार इनामुल ने पुलिस चौकी में जाकर दरोगा को पैसे दिए। पैसे लेते ही एंटी करप्शन की टीम ने दरोगा को पकड़ लिया। इस मामले में मोदीनगर थाने में दरोगा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# एम.एम. डिग्री कॉलेज प्रांगण में आयोजित मेले का भव्य शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ. के.एन. मोदी फाउंडेशन के अंतर्गत एम.एम. डिग्री कॉलेज प्रांगण में में आयोजित मेले का भव्य शुभारंभ सीएमडी के निदेशक, डॉ. रविन्द्र आर्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यगण भी उनके साथ उपस्थित रहे। मेले के मुख्य आकर्षण विविध प्रकार के झूले, खिलोने, पारंपरिक कला एवं खानपान के स्टाल्स हैं, मेले के मुख्य आकर्षण विविध प्रकार के झूले, खिलोने, पारंपरिक कला एवं खानपान के स्टाल्स हैं, उद्घाटन में उपस्थ्सित सभी छात्रों ने झूलो का आनंद लिया और उपलब्ध खानपान की चीजों का भी आनंद लिया। मेले के व्यवस्थापक अरमान खान जी ने बताया की मेले 15 सेम्प्टेमेबर तक मोदीनगर निवासियों के लिए उपलब्ध रहेगा एवं मोदीनगर की जनता से भारी संख्यां में आकर मेले की शोभा बढ़ने की अपील की।मेले के सफल उद्घघाटन हेतु आयोजक समिति एवं सभी विद्यार्थियों को बधाई दी गई। पूरा परिसर उत्साह और उमंग से सराबोर रहा।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज, राजयोग भवन में 24 अगस्त को रक्तदान शिविर होगा आयोजित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय, मोदीनगर शाखा में दिव्यता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रिटायर्ड आई.ए.एस. अधिकारी सीता राम मीणा रहे। जिन्होंने संस्था की उत्पत्ति, उद्देश्य एवं सेवा कार्यों का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया। उनके प्रेरक विचारों से पत्रकारों एवं उपस्थित जनसमूह ने गहन लाभ प्राप्त किया। प्रेस वार्ता के दौरान आगामी विश्व बंधुत्व दिवस पर आयोजित होने वाले ह्लरक्तदान अभियान 2025ह्व की घोषणा भी की गई। यह अभियान 24 अगस्त को प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज, राजयोग भवन, मोदीनगर में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। आयोजकों ने नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में रक्तदान कर मानव सेवा में योगदान देने का आह्वान किया। यह अभियान राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति को समर्पित है। एंटी करप्शन टीम ने में सहयोगीः बी.के. नीतू बहन, बी.के. आरती बहन, बी.के. वर्षा बहन एवं अन्य बहनें। संयोजकः योगेन्द्र शर्मा एवं मनीषा शिखर।

# बालबाड़ी पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** बालबाड़ी पब्लिक स्कूल में वर्ष 2025-26 के लिए इन्वेस्टीचर सेरेमनी (अलंकरण समारोह) मनाई गई।आयोजित कार्यक्रम में बालबाड़ी के चेयरमैन संजय जैन निर्देशक विनय रुहेला , प्रधानाचार्या श्रीमती डॉ नीरू जोशी व सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्कूल के नवनिर्वाचित कांउसिल छात्र एवं छात्राओं को बैच पहनाकर सम्मानित किया। विद्याधियों ने मार्च पास्ट करते हुए अतिथियों का स्वागत किया।

प्रधानाचार्या श्रीमती डॉ नीरू जोशी ने कहा कि आप देश के भविष्य हैं, आगे आप जिस भी क्षेत्र में जाएं अपने देश व स्कूल का नाम रोशन करेंगें । कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

# गंगा में छलांग लगाने वाली युवती को पुलिस और गोताखोरों ने मिलकर बचाई जान



वेलकम इंडिया

**रामघाट/बुलंदशहर/नरौरा।** जाकों राखें साइयां मार सके ना कोय वाली कहावत उस समय चरितार्थ हुई जब नरौरा गंगा बैराज में चलांग लगाकर गंगा में डूबती हुई युवती को गोताखोरों की सहायता से नरौरा पुलिस ने गंगा से बाहर निकाल कर बचा लिया युवती को नरौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आपको बता दें जनपद संभल थाना गुन्नौर के गांव रसूलपुर निवासी 20 वर्षीय सुर्मिला पुत्री स्वःरामफल सिंह यादव की रहने वाली है इस युवती में और इसकी भाभी में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी जिससे क्षुब्ध होकर चौधरी चरण सिंह गंगा बैराज नरौरा गंगा पुल से आत्महत्या करने हेतु गंगा में छ्लांग लगा दी वहीं पर नरौरा थाने की ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने गोताखोरों की सहायता से गंगा में डुबती हुई युवती को बाहर निकाल कर एनएपीपी कालौनी अस्पताल में भर्ती कराया करा दिया गया है इलाज चल रहा है जिसकी जान बच गई है युवती के परिजनों ने नरौरा थाने के थाना प्रभारी राम नारायण सिंह एस आई सुखबीर सिंह कांस्टेबल पवन कुमार विपिन विकास सह संचालक गोताखोर पप्पू पुत्र बिनामी गंगा राम पुत्र तारा सिंह निवासी गोपालपुरी नरौरा की प्रशंसा की है यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन हुई है।


# आमरण अनशन की चेतावनी पर निर्माण कार्य प्रारंभ: निर्वाण फाउंडेशन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** प्रसिद्ध सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने एक वार्ता मे बताया कि ग्राम अबूपुर मे पिछले कई वर्षो से मुख्य मार्ग भूड़ वाले महोल्ले मे स्वास्थ्य केंद्र के पास नालियों का गंदा जल भराव रहता था। ग्राम अबूपुर के कुछ पीड़ित लोगों ने निर्वाण फाउंडेशन से जल भराव की विकट समस्या को लेकर सहयोग माँगा था उक्त जल निकासी कराने के लिए ग्राम अबूपुर वासियो का सहयोग करें, निर्वाण फाउंडेशन के कुछ सदस्यों ने उक्त ग्राम की समस्या का सर्वे किया तो जनहित मे सार्वजनिक समस्या पाए जाने पर निर्वाण फाउंडेशन ने प्रशासन को पत्राचार कर सुचना देते हुवे, ग्राम अबूपुर मे पीड़ा स्थल पर 14 दिन तक अनिश्चित कालीन धरना दिया, तब जाकर प्रशासन व जनप्रतिनिधियों मे कुछ हलचल होने पर दो नालियों को ऊँचा कर बनाने के लिए,लगभग पंद्रह लाख रुपए का टेंडर आनंफान्न मे पास कर टेंडर सार्वजनिक किया गया और सात दिन मे कार्य करने का समय देते हुवे धरने का समापन करा दिया था, लेकिन सात महीने बीतने के बावजूद जब जल भराव की समस्या को लेकर कोई स्थाई समाधान नहीं किया गया तो निर्वाण फाउंडेशन द्वारा अगस्त महीने मे जनआंदोलन या आमरण अनशन की चेतावनी उच्च अधिकारीयों को दिए जाने व संस्था के कार्यकताओं द्वारा स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाओं के साथ जन आंदोलन की चेतावनी देने पर प्रशासन की नीद टूटी और पुलिया निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया गया है ईश्वर चंद्र ने यह भी बताया है की पीड़ित ग्राम वासियों मे खुशी का माहौल बना हुआ है।



# भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट की



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** देवेंद्र चौधरी निवर्तमान जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश भवन दिल्ली में प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा कामेश्वर सिंह शिष्टाचार मुलाकात कर भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष के कार्यकाल को 4 वर्ष पूर्ण हुए होने पर व उत्तर प्रदेश को प्रदेश अध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में किसान मोर्चा की ऐतिहासिक उपलब्धि दिलाने पर प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दी।

प्रदेश अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।। इस मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा विराट सिंह कार्तिक चौधरी मुकेश चौहान नितिन चौधरी व अन्य भाजपा जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा उपस्थित रहे।

# रोहिलखंड विश्वविद्यालय में कथावाचक पंडित राधेश्याम और आला हजरत शोध पीठ सियासी फेर में फंसीं

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** आला हजरत के उर्स में देश-दुनिया से लाखों जायरीन आए, पर उनके बारे शोध के लिए रुहेलखंड विश्वविद्यालय में शुरू की गई पीठ अब सिमटने के कगार पर है। सपा शासनकाल में आला हजरत और राधेश्याम रामायण के रचयिता कथावाचक पंडित राधेश्याम के नाम पर शोध पीठ खोली गई थीं। प्रदेश की सरकार बदलने के बाद बजट व प्रोत्साहन न मिलने से अब इनके बोर्ड तक गायब हो चुके हैं। वर्ष 2016 में प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के शहर आने से पहले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कथावाचक पंडित राधेश्याम और आला हजरत के नाम पर शोध पीठ की स्थापना की गई थी। जिसको लेकर विश्वविद्यालय के सूत्र बताते हैं कि आला हजरत शोध पीठ की स्थापना का उद्देश्य इमाम अहमद रजा खां फाजिले बरेलवी के इल्मी योगदान को नई पीढ़ी के सामने लाना था। उनकी लिखी एक हजार से अधिक किताबों का संकलन करना था। इसी तरह कथावाचक पंडित राधेश्याम शोध पीठ की स्थापना के पीछे तर्क दिया गया था कि शोधार्थी यहां नाट्य साहित्य का अध्ययन कर सकेंगे। रामकथा मंचन से जुड़ी नवीनतम चीजें शोध में सामने आ सकेंगी। आला हजरत पीठ के लिए अर्थशास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ. इसरार अहमद और कथावाचक पंडित राधेश्याम पीठ के लिए इतिहास विभाग के प्रोफेसर ए के सिन्हा को समन्वयक बनाया था। दोनों पीठ को शुरूआत में एक-एक कर्मचारी भी दिए गए थे। सूत्र बताते हैं कि इन पीठ के संबंध में न तो शासन से आज तक कोई बजट मिला और न ही विश्वविद्यालय ने कोई धन खर्च किया। लाइब्रेरी में इन विद्वानों की कुछ पुस्तकें जरूर बढ़ा दी गईं। दोनों शोध पीठ के नाम लिखे बोर्ड कुछ समय तक विश्वविद्यालय में लगे रहे, अब वह भी गायब हो चुके हैं। बताया जाता है कि विश्वविद्यालय में नैक टीम के दौरे को लेकर सफाई हुई थी, तो दोनों पीठ के बोर्ड हटाकर रख दिए गए। आपको बताते चलें कि आला हजरत का जन्म 14 जून 1856 को बरेली शहर के मोहल्ला जसोली में हुआ था। उनका जन्म का नाम मुहम्मद था। आला हजरत ने अंग्रेजी शासन में भारत के मुसलमानों में बौद्धिक और नैतिक गिरावट देखी तो आंदोलन शुरू किया। बाद में यह दुनियाभर में फैल गया। मुफ्ती सलीम बताते हैं कि उस दौर में दिशा ज्ञान के लिए इंटरनेट नहीं था। तब आला हजरत की 280 पन्नों की किताब ने दिशा ज्ञान दिया। किताब में काबा शरीफ की दिशा (किबला) निकालने का ऐसा तरीका दर्ज है, जिसका उपयोग कर किसी भी देश का व्यक्ति काबा का रुख कर सकता है। एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया है कि आला हजरत व कथावाचक पंडित राधेश्याम के नाम से वर्ष 2016 में विश्वविद्यालय में शोध पीठ की स्थापना की गई थी। इनके लिए शासन से आज तक कोई बजट स्वीकृत नहीं हो सका है। एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय किसी दूसरे मद के बजट को शोध पीठ में व्यय नहीं कर सकता। इसलिए दोनों ही पीठ में इसी प्रकार की कोई गतिविधि नहीं हो सकी हैं। वहीं 25 साल से विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ सफलतापूर्वक संचालित है। इसी के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर शोध पीठ के लिए शासन को प्रस्ताव गया हुआ है।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर एक की मौत दो घायल





वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** पहासू थाना क्षेत्र ग्राम गंगागढ के युवकों का कोसी कला छाता मथुरा में भीषण एक्सीडेंट में एक की मौत।और मासूम बच्चा सहित दो घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि दिनांक 20/8/2025 को ग्राम गंगागढ नगला बंजारा थाना पहासू जनपद बुलंदशहर से विशनपाल पुत्र जल सिंह नायक अपनी किसी रिश्तेदारी में मथुरा कि तरफ बच्चे को छोड़ने के लिए अपने ही नायक समाज के एक युवक अर्जुन उम्र करीब 30 वर्ष को अपने साथ लेकर गया था उसकी बाइक पर जिस बाइक को तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और कर भाग गया। बाइक चालक व बच्चे सहित तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए एक्सीडेंट की सूचना पर संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस को राहगीरों ने तत्काल सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे सहित तीनों घायलों को उपचार हेतू अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अस्पताल में बाइक चालक अर्जुन सिंह नायक को मृत घोषित कर दिया।मौंके पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस मथुरा भेज दिया। उधर घटना की सूचना पुलिस ने मृतक युवक के परिजनों को दी।सूचना पाकर मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# गाजियाबाद में उच्चस्तरीय समिति की बैठक निगम और प्राधिकरण के कार्यों की हुई सराहना

## सभापति सहित समिति के सभी सदस्यों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच संबंधी समिति की वर्ष 2024-25 की प्रथम उप समिति की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को विकास भवन स्थित दुर्गावती सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता माननीय सभापति मनीष असीजा ने की। विकास भवन पहुंचने पर सभापति मनीष असीजा को जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सभापति सहित समिति के सभी सदस्यों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। समिति में सरिता भदौरिया, डॉ. डी.सी. वर्मा, गुरु प्रसाद मौर्या, गौरव कुमार, विनोद चतुर्वेदी, संग्राम सिंह और किरत सिंह मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए मनीष असीजा ने कहा कि सरकार का पहला कर्तव्य लोक कल्याण है। जनता कर के रूप में सरकार को पैसा देती है और सरकार उसी धन को परियोजनाओं और योजनाओं के माध्यम से जनता के हित में खर्च करती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास कार्यों और योजनाओं में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए और सभी परियोजनाओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाए। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम गाजियाबाद द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और नवाचार के नए आयाम स्थापित किए गए हैं। प्लास्टिक मुक्त शहर अभियान, ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना, गाय के गोबर से प्राकृतिक पेंट निर्माण, जनशिकायत निस्तारण हेतु मोबाइल ऐप, सुरक्षा के लिए कैमरों की स्थापना, कूड़ा निस्तारण में नवीन पहल, छात्रों में पर्यावरण जागरूकता के लिए विशेष पुस्तक पर समिति ने नगर निगम के ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट का भी निरीक्षण किया और चल रहे कार्यों की सराहना की। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के सचिव राजेश सिंह ने जीडीए की उपलब्धियां और योजनाओं का ब्यौरा दिया।

# जीडीए के जोन 7 ने साहिबाबाद में चल रहे अतिक्रमण को कराया ध्वस्त

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा गाजियाबाद**। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देशन में परिवर्तन जोन 7 के प्रभारी आलोक रंजन ने साहिबाबाद में चल अतिक्रमण को तुड़वाया। जीडीए परवर्तन जोन 7 की टीम ने प्रभावी कार्य करते हुए ी46/7 लाजपत नगर वाद, निर्माणकर्ता राजेश जैन द्वारा स्वीकृत मानचित्र से अतिरिक्त तल पर निर्मित स्लैब और दीवारों के निर्माण को स्थानीय पुलिस व गाजियाबाद विकास प्राधिकरण पुलिस की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण कराया गया। निर्माण करता राजेश जैन को पूर्व में भी चेतावनी नोटिस द्वारा व कार्य को रोकने के लिए नोटिस दिए गए थे। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता राजीव और अवर अभियंता राजेश व परवर्तन जोन 7 का समस्त स्टाफ मौके पर मौजूद रहा।




# पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय बसंतपुर सैतली में मेधावी विद्यार्थियों का भव्य सम्मान समारोह



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय, बसंतपुर सैतली, ब्लॉक मुरादनगर में गुरुवार को एक शानदार और प्रेरणादायक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाना और कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देना रहा। इस कार्यक्रम का आयोजन साथी फाउंडेशन और रेडीको खेतान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसने विद्यालय परिसर को उत्सवमयी बना दिया। वर्ष 2024-25 की वार्षिक परीक्षाओं में प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को मंच पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री ओ.पी. यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (गाज़ियाबाद) ने विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनके शब्दों ने बच्चों के चेहरों पर आत्मविश्वास और गर्व की मुस्कान बिखेर दी।

# शिक्षा, संस्कार और संकल्प के संग हुआ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में गुरुवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के पॉलिटेक्निक छात्रों के लिए ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन प्रोग्राम ₹दीक्षारंभ 2025₹ का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ एक गरिमामय माहौल में हुई, जिसने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। उप-प्राचार्य एवं प्रोक्टर, संदीप सिंह ने छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि एसजीयू परिवार में शामिल होना केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों के व्यक्तित्व, कौशल और मानवीय मूल्यों के विकास की दिशा में एक नया अध्याय है। उन्होंने विद्यार्थियों को भरोसा दिलाया कि विश्वविद्यालय उन्हें हर अवसर प्रदान करेगा जिससे वे एक अच्छे इंसान और सक्षम प्रोफेशनल बन सकें। उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने छात्रों को शिक्षा और अनुशासन का महत्व समझाया और जीवन में दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ? की प्रेरणा दी। प्रो वाइस-चांसलर नितिन अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री पाना नहीं बल्कि जिम्मेदारी और व्यावहारिकता को आत्मसात करना है। कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है, जब वह समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान करने की शक्ति दे। कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसंजीत कुमार ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि बड़े सपने देखिए और उन्हें पूरा करने का संकल्प लीजिए। उन्होंने कहा कि चमकिए, आगे बढ़िए, बस फोकस कीजिए; एसजीयू हर कदम पर आपके साथ है। प्रो वाइस-चांसलर (एडमिन) पियूष श्रीवास्तव ने व्यावहारिक ज्ञान, दृढ़ निश्चय, स्वच्छता और सभ्यता को विद्यार्थी जीवन की अनिवार्य शर्तें बताया।

उन्होंने छात्रों को अपने भविष्य के लिए स्पष्ट रोडमैप बनाने का संदेश दिया। रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता से परिचित कराया और उन्हें नए अवसरों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी, इंदिरापुरम सर्किल, गाज़ियाबाद ने छात्रों से कहा कि किताबों से बाहर निकलकर जीवन की चुनौतियों का सामना करना सीखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कॉलेज जीवन असली जीवन की तैयारी का मंच है। मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता से आगे बढ़कर ही छात्र समाज में योगदान कर सकते हैं।

# ऑन ड्यूटी दरोगा व कर्मचारी पर हमला

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। साहिबाबाद थाना क्षेत्र के जनकपुरी इलाके में गुरुवार को बड़ा हंगामा खड़ा हो गया। नगर निगम की टीम पर स्थानीय व्यक्ति ने हमला बोल दिया, जिसमें निगम दरोगा के कपड़े फट गए और एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना ने न केवल निगम कर्मचारियों में आक्रोश भड़काया बल्कि पुलिस-प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए। नगर निगम की टीम जनकपुरी क्षेत्र में सफाई और अतिक्रमण जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक स्थानीय व्यक्ति टीम से उलझ गया। विवाद इतना बढ़ा कि उसने अचानक दरोगा पर हमला कर दिया।

दरोगा को धक्का देकर गिराया और जमकर मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे कर्मचारी को भी चोटें आईं। हमले की खबर मिलते ही निगम कर्मचारियों में उबाल आ गया। बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी साहिबाबाद थाने पहुंच गए और थाने का घेराव कर जोरदार नारेबाजी की। कर्मचारियों ने कहा कि यह हमला सिर्फ कर्मचारियों पर नहीं बल्कि शासन-प्रशासन की गरिमा पर सीधा हमला है। कर्मचारियों का कहना था कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होगा, वे चुप नहीं बैठेंगे। उनका आरोप है कि फील्ड पर काम करते समय उन्हें आए दिन धमकियों और विरोध का सामना करना पड़ता है, लेकिन अब बात हिंसा और हाथापाई तक पहुंचना असहनीय है। घटना के बाद पुलिस ने तेजी दिखाते हुए आरोपी की पहचान कर ली है। थाना प्रभारी ने कहा है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने और मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी होगी। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर गुस्साए कर्मचारियों को शांत कराने में खासी मशक्कत की।

# कढ़ी-चावल भोग के साथ भगवान श्रीकृष्ण की छठी महोत्सव धूमधाम से संपन्न



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। गोविंदपुरम बाबा मार्केट स्थित अंकित डेयरी पर गुरुवार को विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में भगवान श्रीकृष्ण की छठी महोत्सव बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई। जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण के अवतरण के बाद छठे दिन आयोजित यह उत्सव भक्तों के लिए अलौकिक अनुभव लेकर आया। संस्था के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि हिंदू धर्म में बच्चे के जन्म के छठे दिन छठी मनाने की परंपरा है। उसी रीति-रिवाज के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण की छठी भी विशेष श्रद्धा के साथ मनाई जाती है। इसे बाल गोपाल की छठी या लड्डू गोपाल की छठी के नाम से भी जाना जाता है। छठी महोत्सव के अवसर पर बाल गोपाल का विशेष श्रृंगार किया गया। सबसे पहले उनका पवित्र स्नान कराया गया। तत्पश्चात मोरपंख, बांसुरी, सुंदर वस्त्रों और आभूषणों से श्रृंगार कर चंदन, केसर, हल्दी, पुष्प, धूप-दीप अर्पित किए गए। इसके बाद भगवान का नामकरण कर श्रद्धालुओं ने अपने-अपने आराध्य नाम से लड्डू गोपाल की साधना का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था के जिला अध्यक्ष पंडित अंकित शर्मा एवं उनके परिवार द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भगवान श्रीकृष्ण को कढ़ी-चावल, माखन-मिश्री, पेड़ा, दही और बेसन का सात्विक भोग लगाया गया।

# बिना नंबर प्लेट और नियम तोडे वालों पर गिरी गाज, 436 वाहन चालान, 11 सीज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। सड़क हादसों पर रोक लगाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए $गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने गुरुवार को सघन अभियान चलाया। इस दौरान बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एचएसआरपी), मानक के विपरीत नंबर प्लेट लगाने वाले और नंबर प्लेट से छेड़छाड़ करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने जहां 436 वाहनों के चालान काटे, वहीं 11 वाहनों को सीज कर दिया। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने बताया कि अभियान को पूरी गंभीरता के साथ चलाया गया। एसीपी की निगरानी में तीनों जोन के यातायात निरीक्षक और उप-निरीक्षक पूरे दिन मुख्य सड़कों, भीड़भाड़ वाले चौराहों और ग्रामीण मार्गों पर तैनात रहे। चेकिंग के दौरान पुलिस ने खासकर उन वाहनों को निशाना बनाया जिनकी नंबर प्लेट मानक के अनुरूप नहीं थी, नंबर प्लेट से छेड़छाड़ की गई थी या जानबूझकर नंबर प्लेट हटा दी गई थी। अभियान के दौरान कई वाहन मालिक कार्रवाई से बचने के लिए खुद को पुलिसकर्मी का रिश्तेदार या किसी नेता का करीबी बताते रहे। कुछ लोगों ने फोन पर सिफारिश तक कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने किसी की भी बात पर ध्यान नहीं दिया और नियमों के अनुसार सख़्त कार्रवाई की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

# लोनी में मूक-बधिर युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद आत्महत्या

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। लोनी थाना क्षेत्र में घटित एक दिल दहला देने वाली वारदात ने न सिर्फ पुलिस प्रशासन को हिलाकर रख दिया है, बल्कि पूरे समाज की संवेदनाओं को झकझोर दिया है। बाग रानप कॉलोनी में रहने वाली 23 वर्षीय मूक-बधिर युवती को 18 अगस्त की देर शाम तीन दरिंदों ने अगवा कर लिया और निठौरा गांव के पास स्थित एक ट्यूबवेल पर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता को परिजनों ने गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के बाद जब वह घर लौटी, तो इस अमानवीय घटना से आहत होकर उसने खुदकुशी कर ली। युवती की मौत की खबर से जहां परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे क्षेत्र में गुस्से और शोक की लहर दौड़ गई। गैंगरेप के बाद आत्महत्या की सूचना मिलते ही पुलिस के उच्च अधिकारी सक्रिय हो गए। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों को त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय का भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि 19 अगस्त को पीड़िता के पिता ने तहरीर दी थी कि एक व्यक्ति ने उसकी विकलांग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। अस्पताल में जब पीड़िता के बयान दर्ज किए गए तो उसने बताया कि उसके साथ एक नहीं, बल्कि तीन लोगों ने निठौरा गांव के पास ट्यूबवेल पर दुष्कर्म किया। इस सनसनीखेज खुलासे के बाद एफआईआर में अतिरिक्त धाराएं भी जोड़ी गईं।

# जीडीए में रेरा समाधान दिवस, आवंटियों को मिला भरोसा

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने नक्शा समाधान दिवस की तर्ज पर अब रेरा से जुड़े मामलों के निस्तारण की अनूठी पहल शुरू की है। गुरुवार को प्राधिकरण सभागार में आयोजित पहले ही 'रेरा समाधान दिवस ने बड़ा संदेश दिया। इस दौरान कुल बीस शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निश्चित समयसीमा के भीतर निपटाने के निर्देश जारी किए गए। कार्यक्रम के दौरान कई आवंटियों ने यह विश्वास जताया कि यदि उनकी समस्याओं का समय रहते समाधान हो जाता है तो वे रेरा में चल रहे अपने केस वापस लेने को तैयार हैं। इंद्रप्रस्थ योजना के आवंटी राजेंद्र सिंह ने कहा कि अगर आरसी का भुगतान कर दिया जाए तो वे केस समाप्त करने के लिए सहमत हैं। चंद्रशिला अपार्टमेंट की आवंटियों खुशबू सिंघल और ऋचा सिंघल ने भी यही शर्त रखी। वहीं इंद्रप्रस्थ योजना में भवन पर कब्जे से जुड़ी शिकायत रखने वाले पंकज गोयल ने कहा कि समय से कब्जा मिल जाए तो वे मामला वापस ले लेंगे। मधुबन बापूधाम योजना से जुड़े जयवीर सिंह ने भी कब्जा और रजिस्ट्री कराए जाने की स्थिति में केस समाप्त करने की सहमति दी। कार्यक्रम की सबसे अहम बात यह रही कि प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने स्वयं इन मामलों की सुनवाई की। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अगली बैठक से पहले हर हाल में सभी शिकायतों का निस्तारण होना चाहिए।

# रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया चौकी प्रभारी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियानों के बीच गाज़ियाबाद पुलिस महकमे से एक शर्मनाक खबर ने पूरे विभाग की छवि को धूमिल कर दिया है। थाना भोजपुर क्षेत्र की कलछीना चौकी के प्रभारी राजीव कुमार को एंटी करप्शन टीम ने 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। राजीव कुमार पर आरोप है कि उन्होंने एक व्यक्ति से उसके खिलाफ दर्ज मुकदमे को कमजोर करने और कार्रवाई न करने के नाम पर रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने हिम्मत दिखाते हुए सीधे एंटी करप्शन विभाग को शिकायत की। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एंटी करप्शन टीम ने पूरी योजना बनाई। नोटों की गड्डी को पहले से ट्रैप मनी के रूप में तैयार किया गया। जैसे ही चौकी प्रभारी ने रकम स्वीकार की, टीम ने मौके पर ही दबिश देकर उन्हें धर दबोचा। कार्रवाई होते ही गाजियाबाद पुलिस महकमे में सनसनी फैल गई। आरोपी चौकी प्रभारी को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई तत्काल प्रभाव से की जा सकती है। साथ ही यह भी जांच होगी कि क्या वह पहले भी इसी तरह की वसूली में शामिल रहे हैं। इस मामले के उजागर होने के बाद आम लोगों में गुस्सा और निराशा दोनों साफ दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चौकी स्तर पर भ्रष्टाचार आम हो चुका है। जब कानून व्यवस्था बनाए रखने वाले ही रिश्वतखोरी में लिप्त हों तो आम जनता का विश्वास टूटना स्वाभाविक है। एंटी करप्शन विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।